mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-28 अंक-349 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

रीवा

20 दिसंबर 2024 शुक्रवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

रीवा, सतना से एक साथ प्रकाशित



एयरपोर्ट पर ऑस्ट्रेलियाई...

@ पेज 7

# मुंबई में कांग्रेस दफ्तर में तोड़फोड़, बीजेपी कार्यकर्ताओं ने मचाया बवाल





## पुलिस का किया लाठीचार्ज

**मुंबई (एजेंसी)।** बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के अपमान को लेकर पक्ष और विपक्ष के बीच जारी बवाल का असर संसद के बाद मुंबई में भी देखने को मिला। संसद परिसर में जारी विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गया। सांसदों ने सीढ़ियों पर खड़े होकर एक-दूसरे को धक्का दिया। इस दौरान बीजेपी के दो सांसदों के घायल होने की खबर सामने आई है। वहीं, मुंबई में बीजेपी कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी के कार्यालय में तोड़फोड़ की और जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। बीजेपी कार्यकर्ताओं का आरोप है कि कांग्रेस ने बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर का अपमान किया है। इसके विरोध में बीजेपी कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यालय के बाहर जमकर नारेबाजी की और कार्यालय में तोड़फोड़ की। इस दौरान स्थिति को काबू में करने के लिए पुलिस ने बल प्रयोग किया। पुलिस ने लाठी चार्ज कर प्रदर्शनकारियों को खदेड़ा और भीड़ को तितर-बितर किया। घटना को लेकर बीजेपी यूथ विंग के कार्यकर्ताओं ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर का अपमान किया है और इस संबंध में वे जवाब मांगने के लिए कांग्रेस कार्यालय गए थे। कार्यकर्ताओं ने कहा कि राहुल गांधी ने न केवल बाबा साहेब का अपमान किया है, बल्कि उन्होंने उनके सांसदों को भी धक्का दिया है, जिसके विरोध में उन्होंने यह प्रदर्शन किया। बीजेपी यूथ विंग के कार्यकर्ताओं का कहना है कि वे शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे थे और उनका उद्देश्य केवल राहुल गांधी के खिलाफ विरोध जताना था। उन्होंने यह भी कहा कि वे बाबा साहेब आंबेडकर के संविधान में किए गए आंदोलनों के आदर्शों पर चलकर प्रदर्शन कर रहे थे, जैसा कि बाबा साहेब ने संविधान निर्माण के दौरान किया था। जैसे ही कार्यकर्ताओं की भीड़ बढ़ी, पुलिस ने स्थिति को काबू करने के लिए लाठी चार्ज किया। पुलिस का कहना है कि प्रदर्शनकारी बहुत ज्यादा हो गए थे और स्थिति नियंत्रण से बाहर हो रही थी, इसलिए उन्हें खदेड़ने के लिए यह कदम उठाना पड़ा। प्रदर्शन के दौरान बीजेपी कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की और राहुल गांधी के खिलाफ जोरदार विरोध जताया।

### संक्षिप्त समाचार

## बांग्लादेश में हिंदुओं के हालात पर भारत की है गहरी नजर

- हिंसा की घटनाओं को लेकर गंभीर चिंता जाहिर की

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की घटनाओं को लेकर गंभीर चिंता जाहिर की है।भारत ने बृहस्पतिवार को कहा कि हिंदुओं के जीवन और स्वतंत्रता की रक्षा करने की प्राथमिक जिम्मेदारी ढाका में अंतरिम सरकार की है। मगर भारत हिंदुओं के हालात पर नजर बनाए हुए है। राज्यसभा में विदेश राज्य मंत्री



कीर्ति वर्धन सिंह का यह जवाब, विदेश सचिव विक्रम मिस्री के ढाका की यात्रा करने और बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के शीर्ष राजनीतिक अधिकारियों को इस मामले पर नयी दिल्ली की चिंताओं से अवगत कराने के कुछ दिनों बाद आया है। उन्होंने कहा कि भारत बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की स्थिति पर करीबी नजर रख रहा है। उन्होंने कहा कि उस देश की सरकार ने अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा के संबंध में कथित तौर पर 70 लोगों को गिरफ्तार किया है और 88 मामले दर्ज किए हैं। सिंह ने कहा, ''बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य सभी अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को लेकर भारत की चिंताओं को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के अधिकारियों के समक्ष विभिन्न अवसरों पर, उच्चतम स्तर पर भी, उठाया गया और दोहराया गया है।

## वीजा खत्म होने के बाद भी चीन में 10 दिनों तक रह सकेंगे लोग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चीन की यात्रा पर गए लोगों की वीजा अवधि अगर समाप्त हो जाती है तो उसके बाद भी वह अगले 10 दिनों तक वहां रह सकेंगे। चीन ने अपनी वीजा पॉलिसी में बड़ा बदलाव करते हुए यह ऐलान किया है। मगर यहां आपको जानना जरूरी है कि चीन को ऐसा करने की नौबत क्यों आई? बता दें कि चीन ने अपनी वीजा पॉलिसी में यह बदलाव 38 देशों के लिए किया है। चीन ने अपने वीजा ट्रांजिट पॉलिसी में 10 दिनों तक की छूट दी है। इस नये नियम के अनुसार अगर किसी पर्यटक, यात्री का वीजा



खत्म हो जाता है तो वह अगले 10दिनों तक और चीन में ठहर सकता है। बताया जा रहा है कि चीन ने अपनी अर्थव्यवस्था को पर्यटकों और विदेशी यात्रियों के जरिये बूस्ट करना चाहता है। इसलिए ट्रांजिट वीजा पॉलिसी में यह बड़ा बदलाव किया गया है। इससे यात्रियों को वीजा खत्म होने के बाद सिर्फ कुछ दिनों की वजह से होने वाली मुश्किलों से छुटकारा मिल सकेगा।

इससे पहले चीन में यात्रियों का वीजा खत्म होने पर वह केवल 72 से 144 घंटे तक ही रुक सकते थे। मगर अब उन्हें इसके लिए 10 दिनों का समय दिया गया है। यानि यात्री वीजा खत्म होने के बाद अब करीब 240 घंटे तक टेंशन फ्री रहकर ठहर सकेंगे। मगर इसमें शर्त यह है कि इस पॉलिसी का फायदा उठाने के लिए यात्रियों के पास 10 दिनों के भीतर ही चीन से बाहर जाने के लिए कन्फर्म टिकट होना जरूरी है। यात्रियों को बीजींग और संघाई समेत 24 राज्यों के 60 स्थानों पर एंट्री की छूट दी गई है।

## 'अमित शाह को इस्तीफा दे देना चाहिए, राजनीति छोड़ देनी चाहिए'



**पटना (एजेंसी)।** राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद ने बाबा साहब अंबेडकर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की टिप्पणी को लेकर उनपर निशाना साधते हुये कहा कि उन्हें कैबिनेट से इस्तीफा दे देना चाहिए और ÷राजनीति छोड़ देनी चाहिए÷। बिहार के मुख्यमंत्री रह चुके प्रसाद इस सप्ताह के शुरुआत में राज्यसभा में शाह के भाषण पर उठे विवाद के बारे में संवाददाताओं के सवालों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा, ''अमित शाह पागल हो गए हैं। वे हमारे पूज्य बाबा साहब के प्रति नफरत से भरे हुए हैं। मैं इसकी कड़ी निंदा करता हूं।'' यह पूछे जाने पर कि क्या वे भी शाह के इस्तीफे की मांग के पक्ष में हैं, प्रसाद ने कहा, ''शाह को कैबिनेट से बाहर किया जाना चाहिए। उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। यही नहीं, उन्हें राजनीति भी छोड़ देनी चाहिए।'' प्रसाद की यह टिप्पणी कांग्रेस के उस आरोप के बाद आई है, जिसमें कहा गया है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में 'भारत के संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा' विषय पर दो दिन तक चली चर्चा का जवाब देते हुए मंगलवार को बाबासाहेब का अपमान किया।

### राहुल गांधी के खिलाफ अनुराग ठाकुर ने दर्ज कराई शिकायत, बोले-

# गांधी परिवार खुद को कानून से ऊपर समझता है



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन के सांसदों ने संसद परिसर में बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा के पास विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान संसद परिसर में भाजपा सांसदों ने भी विपक्षी सांसदों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान हुई धक्कामुक्की में भाजपा के दो सांसदों को चोटें आई हैं। भाजपा का आरोप है कि राहुल गांधी ने उनके दो सांसदों प्रताप चंद्र सारंगी और मुकेश राजपूत को धक्का दे दिया। इस कारण दोनों सांसद गिर गए और उन्हें चोट लग गई। सारंगी और मुकेश को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इस मामले में अब भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने बयान दिया है।भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा, %हमने राहुल गांधी के खिलाफ दिल्ली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उसमें आज जो संसद में पूरा घटनाक्रम हुआ है उसकी जानकारी दी है। राहुल गांधी का जिस तरह का रवैया है उन्हें लगता है की वह कानून से ऊपर हैं, गांधी परिवार अपने आप को कानून से ऊपर समझता है। राहुल गांधी ने नागालैंड की महिला सांसद से भी बेहद अहंकारपूर्ण तरीके से बदसलूकी की। शारीरिक हमला करना और उकसाने का काम राहुल गांधी ने किया है। कांग्रेस की हालत ऐसी हो गई है की जैसे खिसियानी बिल्ली खंबा नोचे। हमने धारा 109, 115, 117, 125, 131 और 351 के तहत शिकायत दी है। धारा 109 अटेम्प्ट टु मर्डर की धारा है ,धारा 117 जानबूझकर गंभीर चोट पहुंचाना है। वडोदरा के सांसद की तरफ से शिकायत दर्ज करवाई गई है।

इस मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान राहुल गांधी ने बताया कि संसद में कोई धक्का मुक्की नहीं हुई है। दरअसल भाजपा अडानी के मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए नए नए हथकंडे अपना रही है। उन्होंने कहा कि अमेरिका में अडानी पर केस दर्ज किया। इस मामले पर हम सदन में चर्चा करना चाह रहे थे। लेकिन भाजपा ने पूरा प्रयास किया कि इस मामले पर चर्चा न हो। इसी कड़ी में बाबा साहेब अंबेडकर पर अमित शाह ने बयान दिया। इसपर हमने माफी की मांग की और इस्तीफे की मांग की लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। राहुल गांधी ने आगे कहा कि जब हम आज संसद में घुसने का प्रयास कर रहे थे तो भाजपा के सांसद हाथ में डंडे लेकर खड़े थे और हमें रोक रहे थे।

## उर्दू की जगह हिंदी के शब्दों का इस्तेमाल करेगी पुलिस



**जयपुर (एजेंसी)।** राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी की सरकार पुलिस महकमे में भाषा को लेकर एक बड़ा बदलाव करने जा रही है। राजस्थान पुलिस अब आमतौर पर काम लिए जाने वाले उर्दू के शब्दों की जगह हिंदी के शब्दों का इस्तेमाल करेगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुलिस डिपार्टमेंट के द्वारा इस तरह के शब्दों और उनके हिंदी विकल्पों की जानकारी जुटाई जा रही है। डिपार्टमेंट ने इस बारे में सूबे के गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम के पत्र के बाद पुलिस हेडक्वॉर्टर ने ऐसे शब्दों और उनके हिंदी विकल्पों के बारे में जानकारी मांगने की कवायद शुरू कर दी है। पुलिस महानिदेशक यू. आर. साहू ने पिछले महीने अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण) को चिट्ठी लिखकर उर्दू के उन शब्दों का ब्योरा जुटाने को कहा था जो पुलिस के कामकाज में आमतौर पर इस्तेमाल हो रहे हैं। उन्होंने निर्देश दिया था कि वे पता लगाएं कि पुलिसिंग में उर्दू के कौन-कौन से शब्दों का इस्तेमाल हो रहा है और उनकी जगह हिंदी के किन शब्दों का उपयोग किया जा सकता है। पत्र में उन्होंने सभी प्रशिक्षुओं को हिंदी के नए शब्दों की जानकारी देने, ट्रेनिंग मैटेरियल से उर्दू शब्दों को हटाने और फिलहाल जारी ट्रेनिंग प्रोग्राम में नए हिंदी शब्दों की जानकारी देने के भी निर्देश दिए थे।

# संसद में धक्का-मुक्की पर भड़कीं कंगना रनौत

## कंगना ने कांग्रेस के रवैये को हिंसक और क्रूर बताया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद परिसर में गुरुवार को बड़ा हंगामा देखने को मिला जब भाजपा ने राहुल गांधी पर सांसदों से धक्का-मुक्की करने का आरोप लगाया। धक्का-मुक्की में भाजपा के दो सांसदों प्रताप चंद्र सारंगी और मुकेश राजपूत घायल हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस घटना के बाद भाजपा राहुल गांधी और कांग्रेस पर हमलावर है। हालांकि, राहुल गांधी ने इन आरोपों को नकार दिया है। वहीं, अब भाजपा की सांसद और अभिनेत्री कंगना रनौत ने भी कांग्रेस पार्टी पर बड़ा हमला बोला है। कंगना ने कांग्रेस के रवैये को हिंसक और क्रूर बताया है।

संसद में धक्का-मुक्की की घटना पर भाजपा सांसद कंगना रनौत ने कहा, ÷यह एक शर्मनाक बात है। हमारे एक सांसद को टांके भी लगे हैं। खून भी निकला है। डॉ बीआर



अंबेडकर या संविधान के बारे में उन्होंने (कांग्रेस ने) जो झूठ फैलाया है, उसका हर बार पर्दाफाश हुआ है। लेकिन अब



उनकी हिंसा और क्रूरता ये देखिए आज संसद तक पहुंच गई है। आज इन्होंने धक्का दिया है, खून निकला है।

वहीं, दूसरी ओर भाजपा की राज्यसभा सांसद फंगनोन कोन्याक ने भी राहुल गांधी पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, ÷विपक्ष के नेता राहुल गांधी करीब आए। मुझे यह पसंद नहीं आया और उन्होंने चिल्लाना शुरू कर दिया। आज जो कुछ भी हुआ वह बहुत दुखद है, ऐसा नहीं होना चाहिए...मैंने सभापति से भी शिकायत की है। वहीं, इस पूरी घटना पर भाजपा की एक और महिला सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा- ÷ये रवैया न सिर्फ अशोभनीय है बल्कि आपराधिक भी है और इसीलिए हम सभी आज यहां (पुलिस स्टेशन में) आए हैं और शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें साफ तौर पर कहा गया है कि सुरक्षा बलों ने राहुल गांधी से बार-बार अनुरोध किया कि आपके लिए एक वैकल्पिक रास्ता बनाया गया है जिसके माध्यम से आप बहुत शांतिपूर्ण तरीके से संसद में प्रवेश कर सकते हैं, लेकिन राहुल ने अनुरोध अस्वीकार कर दिया...पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।÷

## कुलगाम में मारा गया बुरहान वानी का आखिरी साथी

**कुलगाम (एजेंसी)।** दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच करीब 10 घंटे तक मुठभेड़ चली है। सेना के इस ऑपरेशन में बुरहान वानी का आखिरी जीवित साथी फारूक नाली अपने चार अन्य साथियों के साथ मुठभेड़ में मारा गया है। फारूक नाली का मारा जाना सुरक्षा बलों के लिए बड़ी कामयाबी है। ऐसा इसलिए क्योंकि फारूक नाली कश्मीर घाटी में दक्षिण कश्मीर में हिजबुल मुजाहिदीन के आखिरी कमांडर की बागडोर संभाल रहा था।



फारूक नाली ए प्लस प्लस श्रेणी का आतंकी था और उस पर 10 लाख रुपये का इनाम रखा गया था। फारूक नाली साल 2014-2015 में हिजबुल मुजाहिदीन में शामिल हुआ था। फारूक नाली बुरहान के समूह के 14 कमांडरों में से बचा एकमात्र कमांडर था। वह पिछले 9 सालों से हिजबुल मुजाहिदीन की कमान संभालकर दक्षिण कश्मीर में आतंकी गतिविधियों को अंजाम दे रहा था।

हिजबुल के आखिरी कमांडर फारूक नाली की तलाश सभी सुरक्षा एजेंसियों को पिछले कई सालों से थी। फारूक बड़े ऑपरेशन में सुरक्षा बलों को चकमा देकर भागने में सफल भी रहा था। फारूक नाली पर सुरक्षा बलों पर हमला, टारगेट किलिंग और नए युवाओं को हिजबुल में शामिल करने का आरोप था।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अब्बास अंसारी को दिया तगड़ा झटका

### जमानत याचिका को किया खारिज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रयागराज की इलाहाबाद हाईकोर्ट से अब्बास अंसारी को बड़ा झटका लगा है। दरअसल इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अब्बास अंसारी की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। सुभासपा विधायक अब्बास अंसारी की जमान याचिका पर आज इलाहाबाद हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया। बता दें कि अब्बास अंसारी ने गैंगस्टर एक्ट में दर्ज मामले में जमानत के लिए हाईकोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की थी। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद अब्बास अंसारी ने जमानत याचिका दाखिल की थी।



बता दें कि इलाहाबाद हाईकोर्ट की जस्टिस समित गोपाल की सिंगल बेंच ने यह आदेश दिया है। बता दें कि इससे पहले बाहुबली मुख्तार अंसारी के विधायक बेटे अब्बास अंसारी को सुप्रीम कोर्ट से भी बड़ा झटका लगा था। सुप्रीम कोर्ट ने अब्बास अंसारी की अंतरिम जमानत याचिका को बीते दिनों खारिज कर दिया था।

बता दें कि आर्म्स एक्ट से संबंधित मामले में अब्बास अंसारी ने अंतरिम जमानत की याचिका सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की थी। पिछली सुनवाई में कोर्ट मे अब्बास अंसारी को अंतरिम जमानत दे दी थी, लेकिन इसके बाद ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अब्बास अंसारी को गिरफ्तार किया था। बता दें कि दिसंबर 2022 में माफिया और मऊ के पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी के परिवार के सदस्यों और करीबी सहयोगियों की 8 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की गई थी। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने इस दौरान बताया था कि मुख्तार अंसारी की मां राबिया खातून और अंसारी के करीबी सबयोगी तथा गिरोह के सदस्य एजाजुल अंसारी की पत्नी के नाम से लखनऊ के डालीबाग इलाके में खरीदी गई जमीन को कुर्क किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** राज्य शासन ने भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय की जनजातीय समुदायों के लिये लागू किये गये धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत विभिन्न विकास विभागों द्वारा कार्य-योजना बनाने, उसके क्रियान्वयन, समन्वय, अभिसरण एवं अनुश्रवण के लिये मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय अपेक्स कमेटी गठित की है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश अनुसार समिति में वित्त विभाग, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास, पशुपालन एवं डेयरी, पर्यटन, आयुष, स्कूल शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग के सचिव को समिति में सदस्य बनाया गया है। सचिव, जनजातीय कार्य विभाग समिति के सदस्य सचिव होंगे। समिति सभी जिला कलेक्टर के कार्यों की मॉनीटरिंग करेगी और उत्कृष्ट कार्यों का चिन्हांकन भी करेगी। समिति मासिक एवं त्रैमासिक समीक्षा करेगी, जिसमें योजना की प्रगति, संभावित समस्याओं पर सलाह देकर विभागों के बीच समन्वय का कार्य भी करेगी। समिति समय-समय पर बैठकें आयोजित कर भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय से प्राप्त दिशा-निर्देश के अनुसार अन्य कार्यवाही भी सुनिश्चित कर सकेगी।

### प्रदेश में सर्वाधिक बिजली की मांग 18695 मेगावॉट का नया रिकार्ड दर्ज

भोपाल। मध्यप्रदेश के इतिहास में सर्वाधिक बिजली की मांग का नया रिकार्ड प्रात- 9.34 बजे उस समय बना जब विद्युत की शीर्ष मांग 18695 मेगावॉट पहुंच गई। वहीं प्रदेश में गत दिवस 17 दिसंबर को इतिहास की सर्वाधिक विद्युत आपूर्ति 3368.56 लाख यूनिट की गई। इस प्रकार प्रदेश में एक दिन के अंतराल में विद्युत की मांग व आपूर्ति दोनों का रिकार्ड कायम हुआ। विशेष बात यह रही कि प्रदेश में सर्वाधिक बिजली की मांग की आपूर्ति शत प्रतिशत की गई।

दिसंबर माह में प्रतिदिन बढ़ रही बिजली की मांग-प्रदेश में दिसंबर माह में विद्युत की मांग प्रतिदिन लगातार उच्चतम स्तर पर पहुंच रही है। गत दिवस 17 दिसंबर को विद्युत की मांग 18611 मेगावाट, 16 दिसंबर को 18524 मेगावाट व 13 दिसंबर को 18444 मेगावॉट दर्ज हुई।

प्रदेश में जब बिजली की मांग 18695 मेगावॉट पर दर्ज हुई उस दौरान मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी (जबलपुर, सागर व रीवा संभाग) में 4998 मेगावॉट, मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी (भोपाल व ग्वालियर संभाग) में 5898 मेगावॉट और पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी (इंदौर व उज्जैन संभाग) में बिजली की अधिकतम मांग 7403 मेगावॉट दर्ज हुई। रेलवे को 396 मेगावॉट बिजली प्रदाय की गई।

### राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण सप्ताह पर स्कूली बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता आज

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के द्वारा 14 दिसम्बर से 21 दिसम्बर 2024 तक पूरे कंपनी कार्यक्षेत्र में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण सप्ताह मनाया जा रहा है। साथ ही बिजली बचाने को लेकर विभिन्न जागरुकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा भोपाल के चिनार पार्क में 20 दिसंबर को प्रात: 10 बजे से दोपहर 12-30 तक स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना थीम पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता के माध्यम से स्कूली छात्र-छात्राएं ऊर्जा बचत और संरक्षण के महत्व को समझेंगे। साथ ही चित्रों के माध्यम से अपनी अभिरूचि व्यक्त कर सकेंगे। इस अवसर पर उत्कृष्ट चित्रकारी करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया जाएगा।

### रीवा में एक ही दिन में 2 मरीजों के सफल किडनी प्रत्यारोपण पर दी बधाई

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने सुपर स्पेशियेलिटी हॉस्पिटल रीवा में सफल दोहरे किडनी प्रत्यारोपण के लिए संपूर्ण चिकित्सा टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सुदूर क्षेत्रों तक सशक्त और सुलभ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह सफलता राज्य के हर हिस्से में सुपर स्पेशियलिटी सुविधाओं को विस्तार देने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। रीवा में यह ऐतिहासिक उपलब्धि प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देने का कार्य करेगी।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि राज्य सरकार अंग प्रत्यारोपण जैसे जटिल चिकित्सा प्रक्रियाओं के लिए आवश्यक संसाधनों और विशेषज्ञता को हर मेडिकल संस्थान में सुलभ बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने इस उपलब्धि को रीवा और पूरे प्रदेश के लिए गर्व का क्षण बताते हुए टीम की मेहनत और समर्पण की सराहना की।

# साइबर क्राइम के बदलते स्वरूप से समाज को जागरूक करना जरूर-राज्यपाल

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि विज्ञान और तकनीक की उन्नति ने साइबर अपराधों के स्वरूप को बदला है। साइबर अपराध के बदलते पैटर्न जैसे- डिजिटल अरेस्ट, हैकिंग, फिशिंग आदि से समाज को जागरूक करना बहुत जरूरी है। राज्यपाल श्री पटेल मेनिट भोपाल में रिसेंट ट्रेंड्स इन इमेज प्रोसेसिंग एण्ड पैटर्न रिकग्निशन विषय पर 7वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आर.टी.आई.पी. 2 आर- 2024 के शुभारम्भ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। यह तीन दिवसीय सम्मेलन भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान और मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान भोपाल के संयुक्त तत्वाधान में मेनिट परिसर में आयोजित किया गया है।



राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि आज का समय डिजिटल युग है। इसलिए समाज को विज्ञान और तकनीक के सकारात्मक और नकारात्मक दोनों पक्षों के बारे में जागरूकता आवश्यक है। उन्होंने विशेषज्ञों से कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा में निहित विज्ञान और तकनीकी ज्ञान की प्रगति का समाज और राष्ट्र के हित में विमर्श करे। सम्मेलन के माध्यम से तकनीक के परिवर्तनकारी क्षेत्रों के विकास में अपना योगदान देने आगे आए। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक विरासत समृद्ध है। राज्य में तकनीकी और औद्योगिक विकास के लिए आवश्यक दूरदर्शी दृष्टिकोण और अपार संभावनाएं है। प्रदेश की नीति और रीति, अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के विषय के अनुरूप है। उन्होंने पारस्परिक सहयोग से डिजिटल क्रांति के मुख्य घटक इमेज प्रोसेसिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की सम्भावनाओं पर पहल की सराहना की। राज्यपाल श्री पटेल ने सरस्वती प्रतिमा पर पुष्प अर्पण और दीप प्रज्ज्वलन कर सम्मेलन का शुभारम्भ किया। उनका पुष्प-गुच्छ से स्वागत और शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में साऊथ डकोटा यूनिवर्सिटी यू.एस.ए. के विषय विशेषज्ञ श्री के.सी. संतोष, दुबई में कार्यरत डॉ. विनयातोष मिश्रा ने इमेज प्रोसेसिंग और पैटर्न रिकग्निशन विषय पर शोध की सम्भावनाओं पर प्रकाश डाला। मेनिट संस्थान के डायरेक्टर श्री के.के. शुक्ला ने संस्थान के माध्यम से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में शोध, विकास और एम्स भोपाल के साथ स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों की जानकारी दी। आईआईआईटी के डायरेक्टर प्रो. श्री आशुतोष कुमार सिंह ने कॉन्फ्रेंस के आयोजन, उद्देश्य और विकसित भारत के निर्माण में तकनीक और शोध के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी।

## राज्य घुड़सवारी अकादमी के राजू सिंह का शानदार प्रदर्शन



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** 61वीं कैवलेरी जयपुर में 15 से 18 दिसंबर 2024 तक आयोजित सीसीआई 3 स्टार इवेंटिंग क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश राज्य घुड़सवारी अकादमी के घुड़सवार राजू सिंह ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रथम और द्वितीय स्थान पर कब्जा जमाया। राजू सिंह ने घोड़े मविलान के साथ 38.8 अंकों के साथ पहला स्थान और मताकाली के साथ 40.6 अंकों के साथ दूसरा स्थान हासिल कर राज्य का मान बढ़ाया। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने राजू सिंह को इस बड़ी उपलब्धि पर बधाई दी और कहा कि यह राज्य के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने राज्य घुड़सवारी अकादमी के खिलाड़ियों व प्रशिक्षकों के कठिन परिश्रम और समर्पण की सराहना की। प्रतियोगिता में प्रदीप कुमार और कुंभभार महेश के शरायु ने भी क्रमश: तीसरा और चौथा स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। राजू सिंह ने एशियन चैंपियनशिप 2025 (थाईलैंड) के लिए पहला क्वालीफाइंग ट्रायल सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। दूसरा क्वालीफाइंग ट्रायल अगले महीने 14 से 17 तारीख तक आर्मी पोलो एंड राइडिंग क्लब, दिल्ली में आयोजित होगा।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के एआई स्टार्ट-अप की उपलब्धि पर दी बधाई

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सियोल, दक्षिण कोरिया में %कम-अप-2024 आयोजन में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए एआई स्टार्ट-अप क्षेत्र में कार्यरत प्रदेश के युवा अर्पित श्रीवास्तव को बधाई दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कृप्टन एआई टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड की तरफ से भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए कम-अप-2024 में देश के युवाओं ने अपनी भागीदारी दर्ज की। निश्चित ही इससे प्रदेश की स्टार्ट-अप नीति की सफलता भी प्रमाणित हुई है। प्रदेश के अन्य युवा भी इस उपलब्धि से प्रेरित होंगे। उल्लेखनीय है कि 11 और 12 दिसंबर को दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल में यह आयोजन सम्पन्न हुआ। कृप्टन एआई स्टार्ट-अप मध्यप्रदेश के युवाओं का है और प्रदेश से चयनित युवक अर्पित हैं, जो प्रदेश के लिए इस गौरवपूर्ण उपलब्धि का माध्यम बने हैं।

पूरे देश से कुल 6 स्टार्टअप चयनित हुए। सियोल के इस प्रतिष्ठित आयोजन में एआई के क्षेत्र में भविष्य की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम में कई महत्वपूर्ण हस्तियों की उपस्थिति रही, जिनमें दक्षिण कोरिया की लघु और मध्यम उद्योग मंत्री ओ यंग-जू और संयुक्त अरब अमीरात की राज्य मंत्री (उद्यमिता) एच.ई. आलिया बिंत अब्दुल्ला अल माज़रुई शामिल थीं। सुश्री आलिया ने कृप्टन एआई टेक्नोलॉजीज के प्रतिनिधियों के साथ संवाद किया और दक्षिण कोरिया और अन्य देशों में एआई के भविष्य और संभावनाओं पर चर्चा की। कृप्टन की ओर से अर्पित के अलावा भूमिका वल्लभदास, अभय अठया और पार्थ राठौड़ भी आयोजन में उपस्थित थे।आयोजन में कृप्टन एआई टेक्नोलॉजीज ने अपनी उन्नत एआई प्रौद्योगिकियों और उत्पादों का प्रदर्शन किया, जो %मेक इन इंडिया पहल के तहत तैयार किए गए हैं। कंपनी के प्रतिनिधियों ने विभिन्न देशों से आए निवेशकों और अधिकारियों के साथ जुड़कर वैश्विक सहयोग के अवसरों पर चर्चा की। इस आयोजन का उद्देश्य एआई के क्षेत्र में नए विचारों और तकनीकों को प्रोत्साहित करना, स्टार्ट-अप्स को वैश्विक मंच प्रदान करना और विभिन्न देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा देना था।

## प्रशिक्षण के माध्यम से नवांकुर संस्थाओं का होगा क्षमतावर्धन - डॉ. धीरेंद्र कुमार पाण्डेय

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला भोपाल एवं सीहोर की नवांकुर संस्थाओं का दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण राज्य कृषि एवं विस्तार प्रशिक्षण संस्थान भोपाल में शुरू हुआ। उद्घाटन सत्र में परिषद के कार्यपालक निदेशक डॉ. धीरेंद्र कुमार पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से नवांकुर संस्थाओं का होगा क्षमतावर्धन। नवांकुर योजना परिषद की महत्वपूर्ण योजना हैं जिसके माध्यम से नवांकुर संस्थाओं को निर्धारित मापदंड पर कार्य करने का उत्तरदायित्व सौंपा गया है। सभी नवांकुर संस्थाएं अपने - अपने



कार्यक्षेत्र में ग्राम विकास के लिये उल्लेखनीय कार्य करें साथ ही पर्यावरण, ऊर्जा संरक्षण, जैविक कृषि जैसे विषयों पर भी उत्कृष्ट कार्य कर क्षेत्र में अपनी पहचान विकसित करें। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य नवांकुर संस्थाओं को प्रशिक्षित कर उनका क्षमता वर्धन करना है। कार्यपालक निदेशक द्वारा सभी नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधियों को बेहतर कार्य करने हेतु अपनी ओर से शुभकामनाएं भी दी गई। प्रशिक्षण का प्रारंभ भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

प्रारंभ में श्री वरुण आचार्य संभाग समन्वयक भोपाल द्वारा प्रशिक्षण के उद्देश्य पर प्रकाश डाला गया। इसके पश्चात संभाग प्रभारी श्री अमिताभ श्रीवास्तव द्वारा ग्राम विकास की संकल्पना पर आवश्यक जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती कोकिला चतुर्वेदी जिला समन्वयक भोपाल एवं आभार प्रदर्शन श्रीमती पारुल उपाध्याय जिला समन्वयक सीहोर द्वारा किया गया।

## मुख्य सचिव के सुशासन सप्ताह पर कलेक्टर्स को निर्देश

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिए हैं कि वे 19 से 25 दिसंबर तक आयोजित होने वाले सुशासन सप्ताह के अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर 2024 अभियान को मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के साथ साझा कर संचालित करें।

मुख्य सचिव श्री जैन ने वीडियो कांफ्रेंस से संपूर्ण अभियान के संबंध में कलेक्टर्स को दिशा निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि प्रत्येक वर्ष 25 दिसंबर को सुशासन दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष केन्द्र सरकार द्वारा 19 से 24 दिसबर 2024 तक सुशासन सप्ताह मनाया जाने का निर्णय लिया है। सुशासन सप्ताह के अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर 2024 अभियान चलाया जाएगा। इसमें जनसमस्याओं का निराकरण कर अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को सेवाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा। मुख्य सचिव ने कलेक्टर्स से अभियान की तैयारी के संबंध में चर्चा की।उन्होंने सुशासन सप्ताह के अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर अभियान में जन समस्याओं का निराकरण कर अधिक से अधिक व्यक्तियों को सेवाओं का लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने इस अभियान को मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के साथ साझा कर संचालित करने के लिए कहा है।बैठक में सभी जिला कलेक्टर को पोर्टल पर अपने जिले में तीन नवाचारों, सुशासन पहलों पर संक्षिप्त लेख तैयार कर उसकी गुणवता सुनिशित करने के निर्देश दिए गए।इन आलेखों को अभियान के पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। सुशासन की श्रेष्ठ प्रथाओं का संकलन कर उन्हें पोर्टल पर चित्र सहित साझा करने के लिए भी कहा गया है।

## भोपाल विजन डवलपमेंट-2047 की एसपीए के साथ बैठक संपन्न

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** भौंरी स्थित स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर (एसपीए) भोपाल में गुरुवार को कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में विजन डवलपमेंट 2047 भोपाल पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में एसपीए के डायरेक्टर डॉ. कैलाशा राव एम, एडीएम श्री प्रकाश नायक, एसपीए के एसोसिएट प्रोफेसर श्री मयंक दुबे, पीडब्ल्यूडी, नगर निगम एवं मध्यप्रदेश पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के श्री बृजेश शर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि भोपाल के




2047 तक के विकास को लेकर एक सुव्यवस्थित और प्रभावी प्लान तैयार करने की आवश्यकता है। इसके लिए जिला प्रशासन, एसपीए और अन्य संबंधित एजेंसियों के संयुक्त दल का गठन करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि भोपाल को 2047 तक भारत के पटल पर एक यूनिक सिटी के रूप में विकसित करने के लिए एक व्यापक योजना बनाई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि यह डवलपमेंट प्लान सुव्यवस्थित इंफ्रास्ट्रक्चर, प्रदूषण मुक्त शहर, बेहतर ट्रांसपोर्ट सिस्टम, सतत विकास (सस्टेनेबल डवलपमेंट) के साथ ही पर्यावरण संरक्षण को भी प्राथमिकता दी जाए।

कलेक्टर ने कहा कि आगामी 15 से 20 दिनों में संबंधित एजेंसियों के साथ विचार-विमर्श कर एक व्यापक रिपोर्ट तैयार की जाए। इसके आधार पर भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए शहर का चौमुखी विकास सुनिश्चित किया जाए।

## अंतर्राष्ट्रीय वन मेले में वनोपज एवं हर्बल उत्पाद की 10 लाख से अधिक की हुई बिक्री

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** अंतर्राष्ट्रीय वन मेला-2024 में वनोपज एवं हर्बल उत्पाद की अभी तक 10 लाख से अधिक की बिक्री हुई है। आगंतुकों के लिये नर्सरी के औषधीय पौधे आकर्षण का केन्द्र रहे। वन मेले की लोकप्रियता से राजधानी ही नहीं वरन् आसपास के जिलों से लोग मेले में आ रहे हैं। मेले में स्थापित ओपीडी में बड़ी संख्या में आगंतुकों ने निःशुल्क चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त किया। आयुर्वेदिक चिकित्सकों और अनुभवी वैद्यों ने निःशुल्क सेवाएं दी।

अंतर्राष्ट्रीय वन मेले में लघु वनोपज, प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र के विन्ध्य हर्बल ब्राण्ड उत्पादों जैसे




शहद, च्यवनप्राश एवं त्रिकुट को उनके प्रभावी असर एवं गुणवत्ता की वजह से काफी सराहा जा रहा है। प्रधानमंत्री वन-धन योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश एवं अन्य राज्यों में संचालित वन धन केन्द्रों के उत्पादों की मेले में बिक्री के प्रति लोगों का बहुत रूझान रहा। इन उत्पादों में महुए एवं देशी मोटे अनाज (मिलेट्स) के प्रति बढ़ती लोकप्रियता ने देशी महुए के लड्डू, अचार, महुआ कुकीज, कोदो-कुटकी, अलसी लडडू, तिल लडडू, देशी मक्का कुकीज, आंवला पाचक ने लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। आगंतुकों ने बड़ी उत्सुकता के साथ इन उत्पादों को खरीदा। अंतर्राष्ट्रीय मेले में वनांचलों के ऐलोवेरा से निर्मित साबुन, शैम्पू, हैण्डवॉश, जैल, आंवला अचार, शतावर अचार, जंगली शहद उत्पादों को लोगों ने काफी पसंद किया। विभिन्न जिलों से शामिल प्राथमिक वनोपज समितियों के उत्पाद, जंगली जड़ी-बूटियां और मध्यप्रदेश राज्य बम्बू मिशन के उत्पादों के प्रति लोगों का आकर्षण रहा।

मेला प्रांगण में सुबह 11 बजे से रात्रि 10 बजे तक रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# प्रेमी और उसके नाबालिग दोस्तों से कराई पति की हत्या

## आरोपियों ने पहले सिर पर डंडे मारा, फिर गियर वायर से गला रेत दिया







**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली निप्र।** सिंगरौली में 17 वर्षीय नाबालिग लड़की ने ही अपने 19 साल के प्रेमी और उसके दो नाबालिग दोस्तों के साथ मिलकर पति की हत्या की थी। आरोपियों ने सबसे पहले सिर पर डंडे से वार किया। इसके बाद साइकिल के फ़ाइबिल गियर से गला रेत दिया। पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

एसपी मनीष खत्री के मुताबिक, 17 दिसंबर को सूचना मिली थी कि गढ़वा थाने के कसदा पुल के पास कुछ बदमाशों ने दंपती के साथ लूटपाट की और पुरुष की हत्या कर दी। इस पर तुरंत पुलिस पहुंची। वहां से बिंद उर्फ चेतमन का शव मिला। मृतक की पत्नी का कहना था कि चार-पांच लोग बाइक पर आए थे और पति की हत्या कर फरार हो गए।

पुलिस ने संदेह के आधार पर मृतक की पत्नी से पूछताछ की। उसने बताया कि इसी साल उसकी शादी बिंद से हुई थी, लेकिन इससे वह खुश नहीं थी। वह अपने प्रेमी अनुज साहू के संपर्क में थी। इसकी जानकारी जब पति को लगी तो वह विवाद करने लगा। आए दिन झगड़ा होने लगा। लड़की ने प्रेमी अनुज के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची।

**ऐसे रची हत्या की प्लानिंग:** पुलिस के मुताबिक, लड़की ने बताया कि पहले वह पति को मायके में ही मारने वाली थी, लेकिन जब वहां साजिश सफल नहीं हुई तो ससुराल जाते समय रास्ते में मारने की प्लानिंग की। जब वह पति के साथ ससुराल जा रही थी, तब प्रेमी अनुज कुमार साहू को लगातार अपनी लोकेशन भेज रही थी। उसके प्रेमी के दोनों नाबालिग दोस्तों ने अपने मोबाइल बंद कर रखे थे, ताकि उनकी लोकेशन ट्रेस ना हो। इसके बाद कसदा इलाके में पत्नी ने गाड़ी रुकवाई और बाथरूम जाने के बहाने गाड़ी से उतर गई, तभी पीछे से आरोपी अनुज कुमार साहू और उसके दो नाबालिग दोस्त आए और हत्या कर फरार हो गए। दोनों नाबालिग लड़कों की उम्र 16 साल है।

# रेप के 2 आरोपियों को 20-20 की सजा, राजेन्द्रग्राम कोर्ट ने 4 साल बाद सुनाया फैसला




**मीडिया ऑडीटर, अनूपपुर निप्र।** जिले के अपर सत्र न्यायाधीश राजेन्द्रग्राम ने गुरुवार को नाबालिग के साथ रेप के दो आरोपियों को 20 साल की सजा सुनाई है। साथ ही 24 हजार का जुर्माना भी लगाया है।

सरजू कोल पिता भैयालाल कोल (28) छत्तीसगढ़ के गौरेला पेन्ड्रा मरवाही का रहने वाला है। वहीं दूसरा आरोपी जीवन पिता कोसई कोल (40) अमरकंटक के ग्राम बेलगवां का रहने वाला है।

**ये था पूरा मामला:** वरिष्ठ सहायक जिला अभियोजन अधिकारी नारेन्द्रदास महरा ने बताया कि 11 सितंबर 2020 को पीड़िता के पिता ने अमरकंटक में मौखिक रिपोर्ट में बताया था कि 9 सितंबर 2020 को बेटी को घर में छोड़कर खेत गया था। दोपहर जब पत्नी घर आकर देखी तो बेटी घर नहीं थी। जब शाम तक घर आया। तो बेटी का पता करने आसपास और रिश्तेमदारों में किया। कोई पता नहीं चला।

इसके बाद परिजनों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी पर धारा 363 भादवि के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की।

एक महीने बाद 7 अक्टूबर 2020 को नबालिग पीड़िता को ग्राम सुलखारी में सरजू कोल के कब्जे से दस्तयाब किया गया। तब पीड़िता ने अपने बयान में बताया कि 2017 में ग्राम डोंगरीटोला का सरजू कोल उसके गांव नुनघटी आया था। तब से सरजू से उसकी जान पहचान हुई थी। सरजू उससे शादी करने के? लिए बोलने लगा।

9 सितंबर 2020 को जीवन और सरजू कोल आए और जबरदस्ती बाइक में बैठाकर अपने ग्राम सुलखारी ले गए। जहां पर दोनों ने कई बार रेप किया। इसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को पकड़ा और कोर्ट में पेश किया।

# सीधी के गांजर और भुइमाड में शिविर आयोजित

## मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान में हितग्राहियों को किया लाभान्वित



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** सीधी जिले के कुसमी जनपद पंचायत अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्य किया जा रहा है। जहां मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज्ञानेंद्र मिश्रा के निर्देश पर ग्राम पंचायत में लगाकर मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है।

इसी के तहत ग्राम पंचायत भुइमाड में गुरुवार के दिन शाम 4 बजे मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत शिविर का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भुइमाड़ के सांस्कृतिक भवन में आयोजित किया गया।

इस शिविर में 30 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें पशु चिकित्सा विभाग से 3, मत्स्य विभाग से 2, पंचायत एवं ग्रामीण विकास के 20 और आयुष्मान कार्ड के 5 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका निराकरण किया गया। वही संबल के 5 हितग्राहियों को प्रमाण पत्र भी दिया गया।

**गांजर ग्राम में भी कार्यक्रम:** मुख्यमंत्री जन कल्याण पर्व के तहत जनपद कुसमी के ग्राम पंचायत गांजर में जनपद सीईओ ज्ञानेंद्र मिश्रा ऑपरेटर नरेगा अखिलेश पाण्डे सरपंच गाजर सचिव देवेंद्र सिंह, रोजगार सहायक शिवपूजन शुक्ला, मोबलाइजर किरण गर्ग, सीडीपीओ मानकुमारी पनाड़िया पटवारी प्रवीण पांण्डेय, ज्योति विश्वकर्मा एएनएम के साथ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सुपरवाइजर, आशा कार्यकर्ताओं ने हितग्राहियों को लाभान्वित किया।

# आवास के केवाईसी के नाम पर ठगी

## 4 लोगों ने की एसपी से शिकायत, किसी के खाते से 10 तो किसी के 20 हजार रुपए निकाले



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** सीधी जिले में आवास के केवाईसी के नाम पर चार लोगों के बैंक खाते से पैसे निकाल लिए गए। पीड़ित व्यक्तियों का आरोप है कि दो व्यक्ति हमारे घर आए। आधार कार्ड लेकर केवाईसी के नाम पर हमारे खाते से पैसे निकाल लिए। मामला बहरी थाना क्षेत्र के रोजहा गांव का है। यहां 15 दिन पहले दोपहर 2 बजे 2 लोग आए। पीड़ित व्यक्ति के घर पहुंच कर उनके बैंक खाते से पैसे निकाल लिए। पीड़ित इंद्रलाल कोल ने बताया कि उनके खाते से 20 हजार रुपए निकाले गए एवं इसी तरह से गांव के अन्य लोगों से भी 10-10 हजार रुपए की ठगी की गई।

मामले में उन्होंने बहरी थाने में शिकायती पत्र दिया था, पर कार्रवाई नहीं होने पर गुरुवार शाम 4:30 बजे सीधी जिले के एसपी से शिकायत की है। मामले में सीधी पुलिस अधीक्षक डॉक्टर रवींद्र कुमार वर्मा का कहना है शिकायत मिलते ही उन्होंने थाना प्रभारी को केस दर्ज करते हुए कार्रवाई करने के आदेश दिए।

# पेंशन शिविर में शतप्रतिशत पेंशन प्रकरणों के निराकरण के कलेक्टर ने दिए निर्देश

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया गया है कि 30 नवंबर तक सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों का निराकरण जिला पेंशन कार्यालय में आयोजित शिविर में 20 दिसंबर के पूर्व कराया जाना सुनिश्चित करें। यदि शिविर में उपस्थित होकर पेंशन का निराकरण नहीं किया जाता और यह आशय का प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया जाता है कि कार्यालय कलेक्टर (पेंशन) जिला सीधी के समस्त पेंशन प्रकरण निराकृत हो गया है तो संबंधित कार्यालय प्रमुखों/आहरण संवितरण अधिकारियों को वेतन भुगतान आगामी आदेश तक रोका जाता है। कलेक्टर ने बताया कि म.प्र. सिविल सेवा (पेंशन) नियम-1976 के नियम 49 से लेकर 60 में दिये गये प्रावधानों अनुसार सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों की तैयारी सेवा निवृत्त के दो वर्ष से पूर्व की जाकर छः माह पूर्व कार्यालय प्रमुख द्वारा पेंशन प्रकरण तैयार कर जिला पेंशन कार्यालय को प्रस्तुत किया जाना चाहिए। लंबित पेंशन प्रकरणों के संबंध में प्रत्येक माह पेंशन शिविर का भी आयोजन किया गया था, किन्तु विभागों द्वारा पेंशन प्रकरणों का निराकरण समय-सीमा में नहीं किया जा रहा है। 30 नवंबर तक सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों का बिना कारण पेंशन प्रकरण लंबित होने के कारण समय-सीमा में निराकरण नहीं होने की स्थिति में कार्यालय कमिश्नर रीवा संभाग द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गई है। साथ ही सेवानिवृत्त अधिकारी/कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण शत प्रतिशत निराकरण न होने के कारण आहरण संवितरण अधिकारी/कार्यालय प्रमुखों का वेतन भुगतान पर रोकने के लिए निर्देश दिया गया है।

जिले में विकासखंड शिक्षा अधिकारी सीधी के 17, विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामपुर नैकिन के 10, विकासखंड शिक्षा अधिकारी सिहावल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी मझौली एवं सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल के 5-5, कार्यपालनयंत्री लोवर सिहावल चुरहट के 4, कार्यपालनयंत्री पी.एच.ई. डिवीजन एन. सीधी के 3, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सीधी, उपसंचालक पशु चिकित्सा एवं सेवाएं सीधी, प्राचार्य उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुसमी, वनमण्डलाधिकारी वन मण्डल सीधी, संचालक संजय टाईगर नेशनल पार्क, जिला आयुष अधिकारी सीधी, तहसीलदार तहसील मझौली, तहसीलदार तहसील गोपद बनास, जिला परियोजना अधिकारी सीधी के 2-2, जिला शिक्षा अधिकारी जिला सीधी, जिला मलेरिया अधिकारी सीधी, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्यालय सीधी, प्राचार्य उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माडल चुरहट, परियोजना प्रशासक आईटीडीपी सीधी, तहसीलदार तहसील कुसमी सीधी, तहसीलदार तहसील रामपुर नैकिन, तहसीलदार तहसील चुरहट, प्राचार्य शासकीय कन्या डिग्री कालेज सीधी, प्राचार्य शासकीय डिग्री कालेज भितरी सीधी, प्राचार्य संजय गांधी कालेज सीधी, कार्यालय अधीक्षण यंत्री परियोजना गुलाब सागर संभाग सीधी, कार्यालय सहायक यंत्री कृषि जिला सीधी, कार्यालय डिप्टी रजिस्ट्रार कॉ-ऑपरेटिव सीधी, जिला परियोजना और सांख्यिकी अधिकारी, जिला जेल सीधी, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण सीधी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रामपुर नैकिन के 1-1 पेंशन प्रकरण लंबित हैं।

## अवैध कोरेक्स बेचने वालों को पुलिस ने पकड़ा

# कोरेक्स सीरप की 248 बोतल मिली, आरोपियों से आईफोन बरामद




**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** सीधी पुलिस ने बुघवार शाम कफ सीरप कोरेक्स बेचने के आरोप में चार युवकों को हिरासत में लिया है। पुलिस को कोरेक्स की बिक्री की सूचना मिली थी। इसके बाद संदेह में दो लोगों को पुलिस ने पकड़ा और उनसे पूछताछ की। लेकिन उनके पास से कोई भी सामग्री नहीं मिली। पुलिस ने उनके किराए के मकान में जाकर जब तलाशी ली तो वहां से 248 सीसी अवैध कोरेक्स की सीसी मिली।

इसके बाद दो अन्य आरोपियों को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को आरोपियों के पास से एक आईफोन भी मिला है।

थाना प्रभारी जमोड़ी विशाल शर्मा ने बताया कि ग्राम मुठिगवा से अवैध कोरेक्स की बिक्री करने के आरोप में सुनील विश्वकर्मा,अजय साहू, प्रमोद कोरी और अर्जुन केवट को गिरफ्तार किया है। यह सभी लंबे समय से अवैध रूप से सीरप कोरेक्स की बिक्री कर रहे थे। उन सभी चारो आरोपिओ के ऊपर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर लिया गया है और उन्हें आज गुरुवार के दिन दोपहर न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## बस की टक्कर से बाइक सवार की मौके पर मौत



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** सीधी जिले के कमर्जी थाना अंतर्गत नौगवां में गुरुवार शाम 4:30 बजे एक बस ने बाइक सवार को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

मृतक की पहचान संतोष कुमार विश्वकर्मा (37) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, नौगवां निवासी संतोष किसी काम से पटपरा की ओर जा रहा था, तभी उसे सीधी की तरफ आ रही बस ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद भीड़ लगने से सड़क जाम की स्थिति बन गई। जानकारी लगते ही कमर्जी थाना प्रभारी और उनकी टीम मौके पर पहुंची। मामले को गंभीरता से लेते हुए बस ड्राइवर को पकड़ कर थाने ले आई।

# करंट लगने से किसान की मौत

## खेत में पानी देते समय तार टूटने से लगा करंट, इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ा



**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** छतरपुर में खेत में पानी लगाते समय करंट लगने से एक किसान की मौत हो गई। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर परिजन किसान को जिला अस्पताल लेकर गए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मॉर्च्युरी भेजा गया है। भाई थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

दौर निवासी मुन्ना लाल(56 ) है। बुधवार रात खेत में पानी सिंचाई करते समय तभी खेत के से ऊपर से निकलता बिजली तार अचानक टूट गया। रात के अंधेरे में किसान को तार दिखाई नहीं दिया और उसने पानी लगाते समय तार से हाथ छू गया।

तभी पास में मौजूद भतीजे मानकलाल ने देखा और डंडे से तार को तोड़ दिया। इसके बाद फोन लगाकर गांव के लोगों को जानकारी दी। घायल किसान को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया लेकिन डॉक्टर ने गंभीर हालत देखकर उसे जिला अस्पताल छतरपुर रेफर कर दिया जहां रास्ते में लाते समय उसकी मौत हो गई।

जिला अस्पताल में डॉक्टर रवि सोनी ने उसे मृत घोषित करते हुए पोस्टमॉर्टम के लिए मॉर्च्युरी भेज दिया। पुलिस ने मृतक का पोस्टमॉर्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया। कुडली थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## कोदो की रोटी और चना भाजी खाने से 6 बीमार

# हालत खतरे से बाहर, शहडोल में सीएमएचओं ने बुलाई आपातकालीन बैठक



**मीडिया ऑडीटर, शहडोल निप्र।** शहडोल में कोदो की रोटी और चने की भाजी खाने से एक ही परिवार के 6 लोग बीमार हो गए है। जिसमें दो बच्चे भी शामिल हैं। डॉक्टरों के मुताबिक, सभी की हालत खतरे के बाहर है। उनका इलाज जिला अस्पताल में जारी है। एक दिन पहले भी दादरा टोला के चार सदस्य कोदो की रोटी और चने की भाजी खाने से बीमार हुए थे, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। अब उनकी हालत भी खतरे के बाहर है। बुधवार रात मुख्यालय से सटे ग्राम चाका में एक ही परिवार के 6 सदस्य कोदो की रोटी और चने की भाजी खाने से बीमार हो गए हैं। गुरुवार को परिवार के सभी 6 सदस्यों को भर्ती कराया गया है। इस पूरे मामले में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और प्रभारी सिविल सर्जन डॉक्टर राजेश मिश्रा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मेडिसिन डॉक्टर के साथ बैठक कर कोदो की सैंपलिंग करने की बात कही है।

# ग्राम पंचायत फुलवारी में कराया गया जेंडर अभियान कार्यक्रम





**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज के मार्गदर्शन एवं जिला परियोजना प्रबंधक पुष्पेंद्र कुमार सिंह के निर्देशन तथा जिला जेंडर नोडल युवा सलाहकार हरी राम त्रिपाठी, सहायक जिला प्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा के सहयोग से नई चेतना जेण्डर आधारित हिंसा के विरूद्ध राष्ट्रव्यापी अभियान 3.0 के तहत महाशक्ति संकुल स्तरीय संगठन अंतर्गत ग्राम पंचायत फुलवारी में जेंडर सखी द्वारा हिंसा उन्मूलन हेतु गतिविधियों का आयोजन किया गया।

इस अभियान में रंगोली, जेंडर शपथ, बेटा-बेटी में भेद भाव को खत्म करने एवं बाल्य मजदूरी, दहेज प्रथा जैसे मुद्दों पर चर्चा कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। साथ ही नई चेतना अभियान के तहत संवाद एवं शपथ कार्यक्रम में प्रभारी विकासखंड प्रबंधक सिहावल अखिलेश त्रिपाठी एवं सहायक विकासखंड प्रबन्धक एवं ब्लॉक जेंडर नोडल राहुल शुक्ला उपस्थित रहे।

म. प्र. डे. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला जेंडर नोडल हरि राम त्रिपाठी द्वारा बताया गया कि आज भी हमारे समाज में हमारी बहन बेटियों को कई पहलुओं में पीछे रखा जाता है जबकि हमारी बहन बेटियां हर क्षेत्र में कंधा से कंधा मिलाकर कार्य कर देश का नाम रोशन कर रही हैं। अतः हमको यह प्रण करना चाहिए कि हमारी बहन बेटियों को भी समाज में उतना ही अधिकार मिले जितना कि हमारे पुरुष भाइयों को। जेंडर अभियान नई चेतना 3.0 पहल समाज में बहुत अच्छा बदलाव लाने का एक अवसर है जिससे हमारे समाज में बच्चे, बूढ़े, एवं महिलाओं पर हो रहे अत्याचार को रोकने का एक अच्छा अवसर है। इन गतिविधियों के माध्यम से हम अपने घर के साथ-साथ अपने समाज को भी सजग करने का कार्य कर रहे हैं जिसका असर हम हिंसा से बचकर एक अच्छे घर और समाज का विकास कर सकेंगे। इन गतिविधियों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के संदेश का प्रचार-प्रसार महिलाओं के बीच किया जाकर महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

कार्यक्रम के दौरान महाशक्ति सीएलएफ अध्यक्ष रामकली सिंह, उर्मिला सिंह, कृषि सखी, बैंक सखी, जेंडर सखी, एवं समूह सदस्यों की उपस्थिति में कार्यक्रम को सफ्ल बनाया गया।

# 22 एवं 24 को विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** अधीक्षक अभियंता (संचा-संधा) म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं. लिमि. ने जानकारी देकर बताया है कि 33/11 केव्ही उपकेन्द्र कोठिया में रेल्वे लाइन के निर्माण हेतु विद्युत लाइन शिफ्टिंग कराने हेतु 22 दिसम्बर को सुबह 9 बजे से दोपहर 4.30 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेंगे। उन्होने बताया कि 22 दिसम्बर को 33 के.व्ही. कोठिया से चुरहट-मवई एवं 11 के.व्ही. चुरहट से पटेहरा फीडर से संबंधित सभी गॉव में विद्युत बंद रहेंगी।

# विचार

## संसद परिसर में सांसद का रक्त गिरना लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं

अक्सर कुर्ते की बाहें चढ़ा कर विरोधी दलों पर हमला बोलने वाले राहुल गांधी ने आज जिस तरह संसद में भाजपा सांसदों के साथ बर्ताव किया वह लोकतंत्र के लिए काला अध्याय बन गया। संयोग देखिये कि यह सब तब हुआ जब हाल ही में संसद ने भारतीय संविधान के 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा% पर चर्चा की। देखा जाये तो यह कांग्रेस का दोमुंहापन नहीं तो और क्या है कि एक ओर उसके सांसद जय भीम के नारे लगा कर प्रदर्शन कर रहे थे तो दूसरी ओर पार्टी के नेता संविधान और नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए गुंडागर्दी पर उतर रहे थे। बात-बात पर संविधान की प्रति दिखाने वाले राहुल गांधी को बताना चाहिए कि उसमें कहां लिखा है कि संसद में या संसद परिसर में हिंसा की जाये या किसी को धक्का दिया जाये? दिन-रात संविधान की प्रति दिखाने वाले राहुल गांधी को बताना चाहिए कि संविधान में कहां लिखा है कि महिला सांसद के साथ बदतमीजी की जाये? राहुल गांधी ने आज जो कुछ किया है वह सब देश के सामने है। देश को निर्णय लेना ही होगा कि संसद में उसे कैसे प्रतिनिधि चाहिए? जनता के लिए सरकार से भिड़ना अलग बात है लेकिन अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए किसी के साथ हिंसा करना अलग बात है। राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर कराई गयी है। देखना होगा कि उनके खिलाफ जांच में क्या निकल कर आता है लेकिन इतना तो तय है कि उन्होंने विपक्ष के नेता पद की गरिमा को तार-तार कर दिया है। इतिहास उन्हें विपक्ष के ऐसे नेता के रूप में याद रखेगा जिसने मर्यादाओं और लोकतांत्रिक परम्पराओं की कभी परवाह नहीं की। देखा जाये तो भाजपा सांसद प्रताप चंद्र सारंगी का सिर्फ माथा नहीं फूटा है बल्कि उनका जो रक्त संसद परिसर में गिरा है उससे लोकतंत्र के मंदिर की गरिमा को बड़ी ठेस पहुँची है और यह लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है। बहरहाल, आज की घटना यह भी दर्शाती है कि भविष्य में सांसदों को राहुल गांधी से सचेत रहने की जरूरत है। वैसे तो संसद में अब तक माइक तोड़ने, पर्चे फाड़ने या शोर मचाने जैसे वाकये सामने आते थे लेकिन अब जिस तरह धक्का मुक्की होने लगी है उसने भारत की संसदीय प्रणाली पर सवालिया निशान भी खड़ा कर दिया है। सोनिया गांधी चूंकि विपक्ष की नेता रही हैं इसलिए उन्हें अपने पुत्र को समझाना चाहिए कि मुद्दों का हल हिंसा से नहीं वार्ता और चर्चा से निकलेगा।

# इंडिया गठबंधन की हालत सूत न कपास जुलाहों में लट्ठम लठ जैसी

**योगेंद्र योगी**

**सूत न कपास, जुलाहों में लट्ठम लठ। इंडिया गठबंधन के विपक्षी दलों की हालत कुछ ऐसी हो गई है। भाजपा गठबंधन से मुकाबला करने में विफल रहे विपक्षी दल के नेता नेतृत्व की कलह से जूझ रहे हैं। भाजपा से बुरी तरह शिकस्त खाने और राजनीतिक धरातल पर हैसीयत को स्वीकार किए बगैर विपक्षी नेता गठबंधन के नेतृत्व के जरिए भविष्य का प्रधानमंत्री बनने का सपना पाले हुए हैं। इन दलों का आधार बेशक एक राज्य से ज्यादा नहीं हो, किन्तु देश को नेतृत्व देने की आपसी होड़ में पीछे नहीं है।**



विपक्षी दलों के पास भाजपा से मुकाबला करने के लिए कोई एजेंडा तक नहीं है। लोकसभा चुनाव और हाल ही हुए उपचुनावों में इंडिया गठबंधन के दल आपस में ही मुकाबला करते रहे। विपक्षी दलों का ख्वाब है कि जिसके हाथ में नेतृत्व की कमान होगी, उसी के हाथ में देश की बागडोर होगी। ठोस रणनीति के अभाव में यह दिन में ख्वाब देखने जैसा है। इंडिया गठबंधन के दलों में आपस में ही नेतृत्व की होड़ मची हुई है। भाजपा के खिलाफ कोरी बयानबाजी से विपक्षी दलों के नेता बयानवीर साबित हो रहे हैं। लोकसभा और उससे पहले विधानसभा चुनावों में इंडिया गठबंधन ताश के पत्तों की तरह बिखर गया। विपक्षी दलों ने चुनाव जीतने के लालच में गठबंधन की धज्जियां उड़ाने में कसर बाकी नहीं रखी। गठबंधन की हालत उसे घोड़ागाड़ी जैसी हो गई जिसके घोड़े को हर घुडसवार अपने हिसाब से हांकना चाहता है। ऐसे में यह गठबंधन देश को नेतृत्व देने के मामले में आगे बढने् के बजाए पीछे खिसकता जा रहा है। इसी का परिणाम है कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को चारों खाने चित्त कर दिया।

इंडिया गठबंधन में नेतृत्व का मसला पहले भी कई बार उठ चुका है। गठबंधन का हर घटक दल नेतृत्व का दावा जताता रहा है। हास्यादपद यह है कि दावा जताने वाले अपने प्रभाव वाले राज्य में भी भाजपा को हराने में कामयाब नहीं हो सके। इस बार नेतृत्व की दुदंभी तृणमूल कांग्रेस प्रमुख और पश्चिमी बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तरफ से बजाई गई है। ममता बनर्जी ने हालिया चुनावों और उपचुनावों में इंडिया ब्लॉक के प्रदर्शन पर निराशा जाहिर की और कहा कि वह इसकी कमान संभालने को तैयार है। ममता ने हालिया हरियाणा और महाराष्ट्र चुनाव में इंडिया ब्लॉक के खराब प्रदर्शन पर असंतोष जाहिर किया है और संकेत दिया कि अगर मौका मिला तो वह इंडिया ब्लॉक की कमान संभालने के लिए तैयार है। टीएमसी सुप्रीमो ने कहा कि वह बंगाल की मुख्यमंत्री के रूप में अपनी भूमिका जारी रखते हुए विपक्षी मोर्चे को चलाने की दोहरी जिम्मेदारी संभाल सकती हैं। ममता बनर्जी ने कहा कि मैंने इंडिया ब्लॉक का गठन किया था, अब मोर्चा का नेतृत्व करने वालों पर इसका प्रबंधन करने की जिम्मेदारी है। अगर वे इसे नहीं चला सकते, तो मैं क्या कर सकती हूं? मैं सिर्फ इतना कहूंगी कि सभी को साथ लेकर चलना होगा। ममता के इस बयान के बाद अन्य विपक्षी दलों के नेताओं की अतृप्त इच्छा में उबाल आ गया। गठबंधन के दल के नेता अब नेतृत्व का दावा ठोक रहे हैं। कांग्रेस सांसद वर्षा गायकवाड़ ने कहा कि ममता बनर्जी को ऐसा लगता है पर हमें ऐसा नहीं लगता। इस पर चर्चा करेंगे। उनके कहने से उनकी पार्टी चलती है। हम तो कांग्रेस के कहने से चलते हैं, वहीं कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा कि ममता जी बड़ी नेता हैं लेकिन राहुल गांधी के अलावा देश में कोई नेतृत्व करने की स्थिति में नहीं है।

लेफ्ट नेता डी राजा ने कहा कि कांग्रेस को आत्मचिंतन करने की जरूरत है। हालात इंडिया ब्लॉक की मीटिंग की मांग करते हैं। कांग्रेस ने हरियाणा और महाराष्ट्र चुनावों में गठबंधन सहयोगियों को समायोजित नहीं किया। अगर कांग्रेस ने इंडिया ब्लॉक सहयोगियों की बात सुनी होती तो लोकसभा और हरियाणा-महाराष्ट्र में नतीजे अलग होते। शिवसेना यूबीटी के सांसद संजय राउत ने कहा कि हमें ममता बनर्जी की राय पता है। हम चाहते हैं कि ममता हमारे साथ रहें। हम सभी एक साथ हैं। अगर कोई मतभेद भी हैं तो वो छोटे मोटे हैं। हम कोलकाता जाकर ममता बनर्जी से बात करेंगे। सपा प्रवक्ता उदयवीर सिंह ने कहा कि अगर ममता जी ने कोई इच्छा जाहिर की है तो इंडिया ब्लॉक नेता उस पर विचार करके उनका सहयोग लें। इससे इंडिया गठबंधन मजबूत होगा। नेतृत्व को लेकर मचे इस घमासान में लालू यादव की पार्टी कैसे पीछे रह सकती है। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और आरजेडी प्रमुख लालू यादव ने भी ममता बनर्जी को विपक्षी गठबंधन का नेता बनाने की मांग कर दी। लालू ने कहा कि कांग्रेस की आपत्ति का कोई मतलब नहीं है। हम ममता का समर्थन करेंगे। ममता बनर्जी को इंडिया ब्लॉक का नेतृत्व दिया जाना चाहिए। लालू यादव का यह बयान कांग्रेस के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है क्योंकि लालू यादव लंबे समय से कांग्रेस के पुराने साथी रहे हैं। लालू यादव की यह मांग कांग्रेस के लिए मुसीबत बन सकती है। गठबंधन में शामिल कुछ दल पहले से ही ममता बनर्जी को इंडिया गठबंधन की कमान सौंपने की वकालत कर चुके हैं। आरजेडी प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि बीजेपी के खिलाफ विपक्षी गठबंधन के असली आर्किटेक्ट लालू प्रसाद यादव हैं। उनकी पहल पर ही पटना में इंडिया गठबंधन की पहली बैठक हुई थी। इस बैठक में ममता बनर्जी भी शामिल हुई थी। सभी अपने-अपने राज्यों में बीजेपी के खिलाफ लड़ाई में जुटे हुए हैं। अभी झारखंड में हमें सफलता मिली है। पश्चिम बंगाल में बीजेपी के खिलाफ ममता बनर्जी मजबूती से लड़ाई लड़ती हैं। अब 2025 में बिहार की बारी है। बीजेपी के खिलाफ हमारा गठबंधन पूरी तरह एकजुट है।

गौरतलब है कि इंडिया गठबंधन को नेतृत्व देने की रस्साकसी में जुटे विपक्षी दलों के नेताओं में लोकसभा चुनाव से पूर्व हुई बैठकों में घोषणा पत्र को लेकर एकराय कायम नहीं हो सकी। घटक दल चुनावों में सीटों के वितरण को लेकर भी मतभेद का शिकार रहे। इनकी आपसी फूट का फायदा भाजपा को मिला। भाजपा गठबंधन तीसरी बार केंद्र में सरकार बनाने में कामयाब रहा। ममता बनर्जी का यह कहना कि वे बंगाल से बाहर नहीं जा सकती, ऐसे में चुनाव के दौरान देशभर में रैलियां और सभाओं की जिम्मेदारी कैसे निभा पाएंगी। यदि गठबंधन के दल ममता को नेता मान भी लें तो फिर वही यक्ष प्रश्न सीटों के बटवारे और राष्ट्रीय स्तर पर घोषणा पत्र को लेकर फिर से खड़ा होगा।

भाजपा विपक्षी गठबंधन पर मुस्लिम प्रेम और भ्रष्टाचार को लेकर हावी रही है। काफी हद तक भाजपा के लगातार तीसरी बार लोकसभा चुनाव में सफलता पाने की भी यही प्रमुख वजह मानी जाती है। इसके विपरीत इंडिया गठबंधन के सदस्य इन दोनों मुद्दों पर या तो खामोश रहे या फिर बंटे हुए नजर आए।

आश्चर्य यह है कि विपक्षी दलों ने लोकसभा और कुछ राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव और उप चुनावों के नतीजों से भी कोई सबक नहीं सीखा। गठबंधन के अनुभवी और दिग्गज नेता देश के मतदाताओं का मूड भांपने में नाकामयाब रहे हैं। इसके बावजूद नेतृत्व को लेकर जंग मची हुई। यह निश्चित है कि इंडिया गठबंधन का नेतृत्व चाहे किसी भी दल के नेता हो, जब तक गठबंधन की नीतियां स्पष्ट और दूरगामी नहीं होंगी, तब तक राष्ट्रीय स्तर पर देश के मतदाताओं का विश्वास जीतना आसान नहीं होगा।

# कुछ भी कहो, सरकारी तंत्र में नहीं घटा भ्रष्टाचार

**अशोक मधुप**

केंद्र और भाजपा शासित राज्यों की सरकारें कितना ही भ्रष्टाचार मुक्त शासन देने का दावा करें किंतु सच्चाई इसके वितरीत है। एक सर्वे में दावा किया गया है कि 100 में से 66 लोगों को अपना काम कराने के लिए सरकारी तंत्र को रिश्वत देनी पड़ती है किंतु सच्चाई इसके विपरीत है। शायद ही कोई विभाग ऐसा होगा जहां बिना रिश्वत दिए काम हो जाए। सब जगह हालत बहुत खराब है। गैर भाजपा राज्यों की तरह भाजपा शासित राज्यों में भी प्रशासनिक तंत्र में भ्रष्टाचर का बोलबाला है। सरकारें मौन हैं।

देश में केंद्र और राज्य सरकारें कारोबार में सहूलियत और निजी क्षेत्र के निवेश में तेजी लाने पर जोर दे रहीं हैं। वहीं भ्रष्ट सरकारी मशीनरी अपनी पूरी क्षमता का इस्तेमाल कंपनियों और उद्यमियों से अवैध तरीके से पैसे उगाहने में लगी हैं, जिसके चलते देश में उद्यमिता को बढ़ावा देने की सिंगल विंडो क्लियरेंस और ईज आफ डुइंग बिजनेस जैसे प्रयासों को पलीता लग रहा है। एक सर्वे में यह बात सामने आई है कि करीब 66 प्रतिशत कंपनियों को सरकारी सेवाओं का लाभ लेने के लिए रिश्वत देनी पड़ती है। कंपनियों ने दावा किया कि उन्होंने सप्लायर क्वॉलीकेशन, कोटेशन, ऑर्डर प्राप्त करने तथा भुगतान के लिए रिश्वत दी है। लोकल सर्कल्स की रिपोर्ट के अनुसार कुल रिश्वत का 75 प्रतिशत कानूनी, माप-तौल, खाद्य, दवा, स्वास्थ्य आदि सरकारी विभागों के अधिकारियों को दी गई।

जांच रिपोर्ट कहती है कि कई कारोबारियों ने जीएसटी अधिकारियों, प्रदूषण विभाग, नगर निगम और बिजली विभाग को रिश्वत देने की भी सूचना दी है। पिछले 12 महीनों में जिन कंपनियों ने रिश्वत दी, उनमें से 54 प्रतिशत को ऐसा करने के लिए मजबूर किया गया, जबकि 46 प्रतिशत ने समय पर काम पूरा करने के लिए भुगतान किया। इस तरह की रिश्वत जबरन वसूली के बराबर है।

सरकारी एजेंसियों के साथ काम करते समय कंपनियों के काम जानबूझ कर रोके जाते हैं और रिश्वत लेने के बाद ही फाइल को मंजूरी दी जाती है। सीसीटीवी कैमरों लगाने से सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार कम नहीं हुआ है। सर्वे में दावा किया गया है कि सीसीटीवी से दूर, बंद दरवाजों के पीछे रिश्वत दी जाती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हालांकि सरकारी ई-प्रोक्योरमेंट मार्केटप्लेस जैसी पहल भ्रष्टाचार को कम करने के लिए अच्छे कदम हैं, लेकिन सरकारी विभागों में रिश्वत लेने के रास्ते खुले हुए हैं। भ्रष्टाचार के मुद्दे पर डेलायट इंडिया के पार्टनर आकाश शर्मा ने कहना है कि बहुत सी कंपनियों को लगता है कि नीतियों और प्रक्रिया के मामलों में थोड़ा पैसा देते रहने नियम कानून के मोर्चे पर कड़ी जांच पड़ताल और जुर्माने से बच जाएंगे। सर्वे में 18,000 कारोबारियों के जवाब को शामिल किया गया है। सर्वे देश के 159 जिलों में हुआ है। व्यवसायों ने पिछले 12 महीनों में आपूर्तिकर्ता के रूप में अर्हता प्राप्त करने, कोटेशन और ऑर्डर सुरक्षित करने तथा भुगतान एकत्र करने के लिए विभिन्न प्रकार की संस्थाओं को रिश्वत देने की बात स्वीकार की है। यह सर्वेक्षण 22 मई से 30 नवंबर 2024 के बीच किया गया था। सर्वेक्षण में भाग लेने वाली व्यावसायिक फर्मों ने कहा कि 75 प्रतिशत रिश्वत कानूनी, मेट्रोलॉजी, खाद्य, औषधि, स्वास्थ्य आदि विभागों के अधिकारियों को दी गई। सरकारी विभागों को घूस देने वाले



कारोबारियों का प्रतिशत इस प्रकार है। कानूनी, माप तौल, खाद्य, दवा और स्वास्थ्य विभाग- 75, लेबर और पीएफ विभाग- 69, संपत्ति और भूमि पंजीकरण- 68, जीएसटी अधिकारी- 62, प्रदूषण विभाग- 59, नगर निगम- 57, इनकम टैक्स- 47, अग्नि शमन- 45, पुलिस- 43, परिवहन- 42, बिजली- 41, आबकारी- 38। ये आंकड़े कुछ भी हों, सच्चाई इससे भी बदतर है। ये बड़े स्तर की बात है। स्थानीय स्तर पर तो हालत इससे भी खराब है। भाजपा शासित प्रदेश वाले राज्यों में तो सपा-बसपा शासन काल में जहां गलत काम एक हजार रूपये में हो जाता था, अब भाजपा शासन में गलत काम तो होता ही नहीं, सही काम कराने के भी एक हजार की जगह बीस हजार रूपये दिए जाते हैं। बिजली के कनेक्शन के लिए आवेदन करिये। ये बहुत छोटा काम है, किंतु बिजली इंस्पेक्टर को रिश्वत दिए कनेक्शन स्वीकृत नहीं होगा। बिजली की फीटिंग किसी से भी कराएं किंतु बिजली विभाग के अधिकृत ठेकेदार से बिजली फीटिंग का प्रमाणापत्र लेना होता है। यही ठेकेदार बिजली इंस्पेक्टर का भाग भी आपसे ले लेता है। रजिस्ट्रार आफिस में धड़ल्ले से बैनामे की राशि का दो प्रतिशत वसूला जाता है। यह राशि अधिकारी सीधे नही लेते। बैनामा लिखने वाला कातिब लेता है। शाम को बैठकर आराम से दिन भर का लेन-देन हो जाता है। एनओसी देने वाले विभागों की तो हालत और भी खराब है। फायर विभाग के अधिकारियों ने तो अपने ठेकेदार रख लिए हैं। अग्नि सुरक्षा का सारा काम ये ही कराते हैं। इसके बाद भी एनओसी साइन करने के लिए लाखों रूपया वसूला जाता है। और तो और अग्निशमन अधिकारी एनओसी देने से पहले फायर उपकरण अपने चहेते ठेकेदार से सप्लाई कराते हैं। स्थानीय निकाय में निर्माण कार्यों में 45 से 55 प्रतिशत सरे आम कमीशन लिया जा रहा है।

केंद्र और प्रदेश सरकार के आदेश हैं कि सरकारी खरीद जेम पार्टल से हो। इसका भी रास्ता निकल गया। कंपनी के एजेंट अधिकारियों से मिलते हैं। कमीशन तै होता है। अधिकारी अपना जैम पोर्टल का पासवर्ड कंपनी के एजेंट को बता देते हैं। एजेंट पासवर्ड लेकर जैम पार्टल से ही अपनी फर्म से खरीदारी करता है। सामान के रेट में अधिकारियों का कमीशन जुड़ जाता है। सब वैसे ही चल रहा है। कहीं कुछ नहीं बदला। सरकार भ्रष्टाचार रोकने को आदेश बाद में करती है। अधिकारी और सप्लायर रास्ता पहले निकाल लेतें हैं। उत्तर प्रदेश में आदेश हो गए कि सामान प्रदेश स्तर से खरीदा जाएगा। अब काम और भी सरल हो गया। पहले जिलों में अधिकारियों से संपर्क कर माल सप्लाई होता था। अब अकेले प्रदेश स्तर में ही जुगाड़ करना पड़ता है। इसी का कारण है कि जिलों के अस्पतालों में वितरण के लिए वे दवाई आती हैं, जिनकी एक्सपायर डेट नजदीक होती है। दवा आने के साथ ही आदेश आते हैं कि दवा की एक्सपायर डेट नजदीक है। जल्दी बांटकर दवा खत्म करो।

# घर में लगी आग..5 लाख कैश जलकर राख

## सोने के गहने भी पिघले, 2 महीने बाद होने वाली थी बेटों की शादी

**मीडिया ऑडीटर, भिलाई एजेंसी।** भिलाई के न्यू कृष्णा नगर में गुरुवार दोपहर शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग से घर में रखे करीब 5 लाख कैश, सोने के जेवर जल गए। घर में 2 महीनों बाद बेटों की शादी होने वाली थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है।





पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हीरावन साव के घर आग लगी है। दोपहर करीब साढ़े 12 बजे अचानक शॉर्ट सर्किट हुआ और आग लग गई। जिस समय घर में आग लगी वहां केवल उनकी पत्नी और बेटी ही थे। इससे पहले की वो कुछ समझ पाते आगे ने विकराल रूप ले लिया।

महिला और बच्ची के चिल्लाने पर मोहल्ले के वहां पहुंचे। सभी लोगों ने मिलकर आग को बुझाने का प्रयास किया। कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। आग बुझते ही हिरावन की पत्नी वह पेटी लेने के लिए दौड़ी, जिसके अंदर 5 लाख रुपए कैश और सोने चांदी के जेवर रखे हुए थे।

उसने देखा कि पेटी के अंदर रखे 500-500 रुपए के नोटों के बंडल जल गए थे। अंदर सोने के जेवर भी पिघल गए थे। इसके बाद हिरावन ने सुपेला थाने को सूचना दी। सूचना पाते ही सुपेला थाने से पेट्रोलिंग की टीम पहुंची।

**बैंक से लोन लेकर रखा था कैश:** हिरावन ने बताया कि वह सब्जी व्यापारी है। 2 महीने बाद वह अपने 2 बेटों की शादी करने वाला है। उसने दोनों बहू के लिए जेवर बनवाया था। साथ ही शादी में खर्च के लिए उसने बंधन बैंक से 1 लाख 30 रुपए लोन लिया था।

पीड़ित ने और भी लोगों से कर्ज लिया और सब्जी बेचकर लगभग 5 लाख रुपए जमा करके रखे थे। सब जलकर राख हो गया।

# हॉस्टल की दूसरी मंजिल से कूदी दिव्यांग छात्रा

## मौत से पहले वीडियों कॉल पर बड़ी बहन से इशारों में की बात

**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर निप्र।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में 18 साल की दिव्यांग (मूकबधिर) छात्रा ने खुदकुशी कर ली। उसने केयर-टेकर के सामने ही हॉस्टल की दूसरी मंजिल से छलांग लगाई। मौत से पहले छात्रा ने इशारों में ङ्कद्बस्रद्गश्र कॉल पर बड़ी बहन से बात की थी। इसमें उसने हॉस्टल के युवक पर ही मारपीट करने की जानकारी दी।





मामला सिरगिट्टी थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, छात्रा का नाम पल्लवी राज है जो कोरबा जिले के दीपका क्षेत्र के देवगांव की रहने वाली थी। पल्लवी राज बिलासपुर में कम्प्यूटर कोर्स कर रही थी। तिफरा स्थित आश्रयदत्त कर्मशाला (हॉस्टल) में 2 महीने पहले ही उसने एडमिशन लिया था।

**खून से लथपथ आंगन में गिरी छात्रा:** 12 दिसंबर को पल्लवी ने केयर टेकर अलका कोरी के सामने हॉस्टल की छत से छलांग लगा दी थी। उस समय केयर टेकर छत में धूप तापते चाय पी रही थी। उसे कूदते देख केयर टेकर और एक अन्य छात्रा दौड़कर नीचे पहुंची। छात्रा सिर के बल पड़ी थी। उसके सिर और नाक से बहुत ज्यादा खून बह गया। आनन-फानन में सिम्स अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

**मौत से पहले बहन से वीडियो कॉल पर की थी बात:** पल्लवी की बड़ी बहन प्रिया राज ने एक युवक पर अपनी छोटी बहन को परेशान करने का आरोप लगाया था। पल्लवी ने मोबाइल पर वीडियो कॉल कर बात की थी, तब उसने इशारों में बताया था कि हॉस्टल के एक लड़के ने उसके साथ मारपीट की थी। वह आए दिन उसे परेशान करता है। उसकी हरकतों से उसने गुस्सा होने की बात भी कही थी।

**पूछताछ के लिए साइन लैंग्वेज का लिया सहारा:** टीआई रजनीश सिंह ने बताया कि, छात्रा की मौत को गंभीरता से लेते हुए जांच की गई। पूछताछ के दौरान हॉस्टल के कर्मचारियों के साथ ही छात्रों से बात करने में समस्या आ रही थी। इसके लिए पुलिस ने साइन लैंग्वेज जानने वालों की मदद ली।

पता चला कि, पल्लवी के साथ पढ़ने वाले युवक आकाश ने उसके साथ मारपीट की थी। वो उसे परेशान करता था। वहीं, पल्लवी की बहन ने भी बयान में यह बात बताई थी। जिस आधार पर सूरजपुर जिले के रामनुज नगर के ग्राम महगई निवासी दिव्यांग आकाश रवि (19) को आरोपी बनाया गया है।

**आत्महत्या के लिए उकसाने पर आरोपी गिरफ्तार:** इस मामले की जांच के दौरान पुलिस ने फोरेंसिक एक्सपर्ट की मदद ली। जिसके बाद घटनास्थल की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी कराई गई। वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य जुटाकर जांच की गई। जिसके बाद साइन लैंग्वेज एक्सपर्ट के माध्यम से गवाहों के साथ ही आरोपी से पूछताछ की गई। पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने पर 18 दिसंबर को आरोपी आकाश रवि को गिरफ्तार कर लिया है।

### गर्भवती महिला को अस्पताल ले जा रही बोलेरो पलटी



**मीडिया ऑडीटर, सूरजपुर एजेंसी।** सूरजपुर जिले के बसदेई चौकी क्षेत्र के सिरसी इलाके में सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। जबकि गर्भवती महिला समेत 5 लोग घायल है। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां से दो लोगों को मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर रेफर कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार, बुधवार रात बोलेरो वाहन सिरसी इलाके से गर्भवती महिला को लेकर अस्पताल जा रही थी। इसी दौरान वाहन का संतुलन बिगड़ गया और वो सड़क किनारे पलट गई। वहीं, सूचना मिलते ही बसदेई चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

### युवक की पीठ में घुसी लोहे की छड़

#### एमएसपी प्लांट में काम के दौरान हादसा, इलाज के दौरान तोड़ा दम



**मीडिया ऑडीटर, रायगढ़ एजेंसी।** रायगढ़ जिले में एमएसपी प्लांट के रोलिंग मिल में काम कर रहे फीटर के पीठ में गर्म छड़ घुस गई। घटना के बाद उसे गंभीर हालत में इलाज के लिए अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामला चक्रधर नगर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक रायगढ़ के मोदी नगर में रहने वाला सोनू सिंह (38) जामंगा स्थित एमएसपी फैक्ट्री में 5 सालों से फीटर के पद पर काम करता था।

गुरुवार की दोपहर वह प्लांट के रोलिंग मिल अन्य मजदूरों के साथ काम कर रहा था। तभी मिल डिविजन में मेंटनेंस का काम करते दौरान एकाएक उसे मशीन का झटका लगा, जिससे वह पीठ के बल गर्म छड़ पर गिर गया और सोनू सिंह के पीठ में छड़ घूस गई।

**अस्पताल में तोड़ा दम:** हादसे के बाद आसपास के अन्य मजदूरों ने घायल को देखा, तो इसकी जानकारी प्लांट के अधिकारियों को दी गई। घायल को इलाज के लिए निजी अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद मामले की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेजवाया।

# हाईवा ने स्कूटी को मारी टक्कर, मौत

## पहिए के नीचे आया अधेड़, 10 फीट दूर तक घसीटा, गाड़ी छोड़कर भागा आरोपी

**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** बिलासपुर-रायपुर नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार हाईवा ने स्कूटी को टक्कर मार दी। जिससे स्कूटी सवार अधेड़ की मौत हो गई। इस हादसे में हाईवा की टक्कर से स्कूटी 10 फीट तक घसीटता रही। वहीं, अधेड़ पहिए के नीचे आकर कुचला गया। घटना बिल्हा थाना क्षेत्र की है।



जानकारी के अनुसार, मुंगेली जिले के सरगांव थाना क्षेत्र के ग्राम दौना निवासी शिवकुमार डहरिया किसान है। उसके पिता सखीचंद डहरिया (55) भी खेती-किसानी करता था। वो 11 दिसंबर को अपने ससुराल ग्राम कोहरौदा गया था। जहां से सखीचंद अपनी स्कूटी से ग्राम पत्थरखान आ गया। बुधवार को वह स्कूटी से गांव दौना लौट रहा था। अभी वो निपनिया रोड पर महावीर पेट्रोल पंप के पास पहुंचा था। तभी तेज रफ्तार हाईवा के ड्राइवर ने उसकी स्कूटी को टक्कर मार दी।

**10 फीट तक घसीटता रहा स्कूटी, पहिए के नीचे आ गया अधेड़:** हादसा इतना दर्दनाक था कि हाईवा की टक्कर से स्कूटी 10 फीट तक घसीटता रहा। वहीं, उसमें सवार अधेड़ पहिए के नीचे आ गया। इस हादसे में स्कूटी सवार सखीचंद पहिए से बुरी तरह कुचला गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद हाईवा का ड्राइवर राजेश्वर केंवट ने कुछ दूर जाकर वाहन को सड़क पर छोड़ दिया। जिसके बाद वो भाग निकला।

**आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस:** इस हादसे के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को दी, जिसके बाद बेटे शिवकुमार को हादसे की सूचना दी गई। बिल्हा पुलिस ने आरोपी ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# ब्लॉक भरतपुर में चिराग परियोजना अंतर्गत पोषण सखी का तीन दिवस आवासीय प्रशिक्षण का किया गया आयोजन

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** प्रदेश में कृषि विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 15 जिलों के 27 विकासखण्डों में निवासरत ग्रामीण आदिवासी परिवारों के आय में वृद्धि एवं वर्ष भर पोषित आहार की उपलब्धता हेतु वर्ल्ड बैंक एवं आई.एफ.ए.डी. के सहयोग से ''चिराग परियोजना'' का क्रियान्वयन किया जा रहा है। परियोजना अंतर्गत चिन्हांकित ग्रामों में पोषण आधारित गतिविधियों के क्रियान्वयन हेतु ''पोषण सखी'' के रूप में कार्य करने के लिये संबंधित ग्रामों से महिलाओं का चयन किया गया है। जिले में 11 दिसंबर से 13 दिसम्बर 2024 तक चयनित महिलाओं ''पोषण सखी'' के रूप में कार्य करने के लिये तकनीकी सहयोगी संस्था पी.सी.आई. के सहयोग से तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन बिहान सीएलएफ़ भवन में किया गया।





प्रशिक्षण के दौरान चयनित महिलाओं को चिराग परियोजना का परिचय, कुपोषण, संतुलित आहार, कृषि एवं पोषण में संबंध के द्वारा दैनिक भोजन में आहार विविधता के लिये सामाजिक व्यवहार परिवर्तन हेतु संचार किये जाने के लिये मास्टर ट्रेनर श्री शैलेन्द्र कुमार, पीसीआई के द्वारा प्रशिक्षित किया जा रहा है। इस अवसर पर उप-संचालक कृषि लाल सिंह आर्मो , वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी गजराज सिंह चौहान के मार्गदर्शन में यह ट्रेनिंग आयोजित किया गया। जिसमें ब्लॉक कोऑर्डिनेटर बिहान ऋषि कुमार, जे. के. ट्रस्ट धन सिंह व कृषि विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कॉन्स्टेबल ने होटल में युवती से किया रेप

#### शादीशुदा आरक्षक का प्रपोजल ठुकराया था, रायगढ़ में पुराने केस के सिलसिले में हुई थी पहचान




**मीडिया ऑडीटर, रायगढ़ एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में शादीशुदा आरक्षक ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म किया है। पीड़ित ने कॉन्स्टेबल की पत्नी को इसकी जानकारी हुई, तो उसने किसी को नहीं बताने की बात कही। लेकिन आरक्षक की प्रताड़ना और धमकियों से परेशान होकर उसने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। पीड़िता किसी शिकायत के सिलसिले में साल 2022 में रायगढ़ सिटी कोतवाली पहुंची थी। वहां उसकी मुलाकात आरक्षक शशिकांत चौहान से हुई। पहली मुलाकात में ही शशिकांत ने उसका मोबाइल नंबर ले लिया। वॉट्सऐप पर बातचीत होने लगी।

जिसके बाद दोनों के बीच दोस्ती हुई और मुलाकात भी होने लगी। 27 नवबंर 2022 को दोनों होटल में मिले, तो आरक्षक शशिकांत ने उसे प्रपोज कर दिया। जब युवती ने उसे मना किया, तो उसकी बातों को अनसुना कर उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए।

**शादी का झांसा देकर करता रहा शारीरिक शोषण:** पीड़िता ने बताया कि जब वह रोने लगी तो कॉन्स्टेबल शशिकांत ने उससे शादी करने की बात कहकर झांसे में ले लिया। इसके बाद पीड़िता से अलग-अलग जगहों पर मिलता रहा और शारीरिक संबंध बनाता रहा। शशिकांत ने अगस्त 2024 में उससे शादी करने का प्रस्ताव रखा और इस बारे में किसी को नहीं बताने को कहा।

**शराब के नशे में बताया शादीशुदा हूं:** एक दिन शराब के नशे में कॉन्स्टेबल ने उसे बताया कि, वो शादीशुदा है और उसकी 6 साल की बेटी भी है। जिसके बाद पीड़िता ने कॉन्स्टेबल की पत्नी से संपर्क कर उसकी हरकतों के बारे में बताया। जिस पर उसकी पत्नी ने उसे किसी से शिकायत नहीं करने की गुजारिश की।

**धमकी देने पर दर्ज कराई शिकायत:** इसलिए वह किसी से शिकायत नहीं कर रही थी, लेकिन बाद में आरक्षक उसे परेशान करने लगा और ये बात किसी को नहीं बताने की धमकी देने लगा। इससे परेशान होकर पीड़िता ने मंगलवार को कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी आरक्षक के खिलाफ धारा 69-बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

**आरक्षक के खिलाफ केस दर्ज:** इस मामले में कोतवाली थाना प्रभारी सुखनंदन पटेल ने बताया कि, युवती की शिकायत पर आरक्षक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। वर्तमान में आरक्षक चक्रधर नगर थाने में पदस्थ है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद मामले में आगे की जांच की जा रही है।

### रक्तदान शिविर रेडक्रॉस सोसायटी के तहत् 8 लोगों किया रक्तदान




**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** राज्य से प्राप्त निर्देशानुसार 9 दिसंबर से 20 दिसंबर को जिले में एनपी-एनसीडी कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड वार स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करने हेतु निर्देश प्राप्त हुआ था। जिसके तहत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे के मार्गदर्शन में दिनांक 19 दिसंबर को विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.सौभाग्य शरण सिंह के अगुवाई में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनेंद्रगढ में स्वास्थ्य शिविर के साथ रक्तदान शिविर रेड क्रॉस सोसायटी के द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें कुल 08 लोगों ने रक्तदान कर महादान दिया, रक्तदान शिविर के अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनेंद्रगढ़ में नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से चिन्हांकित गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीजों को विषय विशेषज्ञ के माध्यम से जांच एवं उपचार किया गया। जिसमें लगभग 107 लोग लाभान्वित हुए यह शिविर 20 दिसंबर को विकासखंड खड़गवां एवं विकासखंड जनकपुर में आयोजित किया जाना है। उक्त शिविर में मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. पुष्पेंद्र सोनी, जिला नोडल अधिकारी, एन.सी.डी. कार्यक्रम राकेश वर्मा रेडक्रॉस सोसायटी के नोडल सौमेंद्र मंडल, विकास खंड कार्यक्रम प्रबंधक एवं बीईटीओ तथा अन्य स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जिले में नगरीय निकाय चुनाव के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** जिला निर्वाचन अधिकारी डी. राहुल वेंकट के आदेशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार में आगामी नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय आम निर्वाचन 2024-25 के सुचारु संचालन हेतु प्रत्येक गतिविधियों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। वही नियुक्त नोडल अधिकारी के सहयोग हेतु सहायक नोडल अधिकारी भी नियुक्त किया गया है । जिसमें मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति (एमसीएमसी) के लिए नोडल अधिकारी के रूप में लोकेश्वर सिंह, जिला जनसंपर्क अधिकारी को नियुक्त किया गया है। सहायक नोडल अधिकारी के रूप में रविशंकर खलखो, सहायक ग्रेड-02, एकीकृत परियोजना कार्यालय मनेंद्रगढ़ की नियुक्ति की गई है। आदर्श आचरण संहिता (एमसीसी) के लिए शुभम बंसल, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है, जबकि सहायक नोडल अधिकारी के रूप में के. एस. मराबी, सहायक ग्रेड-01, जिला महिला एवं बाल विकास कार्यालय, एमसीबी को जिम्मेदारी दी गई है।

मतगणना प्रक्रिया के लिए नोडल अधिकारी नितेश उपाध्याय, परियोजना निदेशक और सहायक नोडल अधिकारी संजय श्रीवास्तव, मंडल संयोजक को नियुक्त किया गया है। वही निर्वाचन व्यय मॉनिटरिंग कार्य के लिए नोडल अधिकारी के रूप में चंद्रशेखर सर्राफ, जिला कोषालय अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सहायक नोडल अधिकारियों में श्री मयंक पटेल, लेखाधिकारी क्षेत्रीय मुख्यालय चिरमिरी को नगर निगम चिरमिरी के लिए नियुक्त किया गया है। अभिनंदन मिंज, संभागीय लेखाधिकारी, लोक निर्माण विभाग, मनेंद्रगढ़ को नगर पालिका परिषद मनेंद्रगढ़ का दायित्व सौंपा गया है। अशोक यादव, कनिष्ठ लेखाधिकारी, आदिवासी विकास विभाग, मनेंद्रगढ़ को नगर पंचायत खोंगापानी का सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार अमन गोयल, लेखाधिकारी, क्षेत्रीय मुख्यालय एसईसीएल, हसदेव क्षेत्र लेदरी को नगर पंचायत नई लेदरी के लिए और विक्रांत सिंह परिहार, उपकोषालय अधिकारी, जनकपुर को नगर पंचायत जनकपुर के लिए नियुक्त किया गया है।

उक्त नामित अधिकारी/कर्मचारी मूल कार्यों के साथ-साथ उपरोक्त सौंपे गए दायित्वों का भी निर्वहन करेंगे। यह आदेश निर्वाचन की घोषणा की तिथि से प्रभावशील होगा।

## मुंबई कांग्रेस दफ्तर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने तोड़फोड़ की

**मुंबई, दिल्ली, जयपुर, पटना ( एजेंसी )।** भाजपा युवा मोर्चा के सदस्यों ने मुंबई के आजाद मैदान के पास स्थित कांग्रेस कमेटी के दफ्तर पर हमला किया, पुलिस ने इन्हें रोकने के लिए लाठीचार्ज किया। मुंबई में गुरुवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस दफ्तर में तोड़फोड़ की। दरवाजे और खिड़की के शीशे तोड़ डाले। कांग्रेस दफ्तर के बाहर लगे सोनिया, राहुल, प्रियंका और मल्लिकार्जुन खड़गे के पोस्टर पर काला रंग फेंका। पुलिस ने हालात काबू में करने के लिए पहले उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन उन्हें हिंसक होता देख लाठीचार्ज किया। इस दौरान कुछ कार्यकर्ता घायल हुए। तोड़फोड़ के दौरान भाजपा कार्यकर्ता वंदे मातरम का नारा लगा रहे थे। उनका कहना था कि अंबेडकर का अपमान अमित शाह ने नहीं, बल्कि कांग्रेस ने किया है। गृह मंत्री अमित शाह ने 17 दिसंबर को राज्यसभा में विपक्ष के नेताओं से कहा था- अंबेडकर जितना नाम अगर भगवान का लिया होता तो 7 जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता। इस बयान के बाद विपक्ष ने प्रधानमंत्री मोदी से शाह को बर्खास्त करने की मांग की। विपक्ष शाह से माफी की मांग को लेकर दो दिन से देशभर में प्रदर्शन कर रहा है।

## उदयनिधि स्टालिन ने कहा- मुझे ईसाई होने पर गर्व

**चेन्नई ( एजेंसी )।** तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने बुधवार को कोयंबटूर में क्रिसमस सेलिब्रेशन में कहा कि मुझे ईसाई होने पर गर्व है। मैंने पिछले साल ऐसा कहा था तो कई संघी इससे चिढ़ गए थे। लेकिन आज मैं फिर इसे दोहरा रहा हूं। मैं सभी धर्मों का प्रतिनिधित्व करता हूं। उदयनिधि ने कहा कि अगर आप सोचते हैं कि मैं ईसाई हूं, तो मैं हूं। अगर आप सोचते हैं कि मैं मुस्लिम हूं, तो मैं मुस्लिम हूं। अगर आप सोचते हैं कि मैं हिंदू हूं, तो मैं हिंदू हूं। मैं सभी धर्मों को मानता हूं। सभी धर्म प्यार करने की सीख देते हैं। उदयनिधि ने धर्म का राजनीतिक इस्तेमाल कर संविधान विरोधी कार्य करने का आरोप लगाया। उन्होंने धार्मिक भावनाएं भड़काकर नफरत फैलाने वालों की निंदा की। उन्होंने कहा, हाल ही में इलाहाबाद के एक जज ने मुस्लिमों के खिलाफ भड़काऊ बयान दिया। हमने सवाल उठाया कि क्या ऐसे व्यक्ति को न्यायाधीश बने रहना चाहिए।

## गडकरी बोले-महिलाएं बढ़ीं तो पुरुषों को 2 पत्नियां रखनी पड़ेंगी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने एक यूट्यूब पॉडकास्ट में कहा कि समाज में लिंगानुपात (सेक्स रेश्यो) का संतुलन जरूरी है। अगर प्रति 1000 पुरुषों पर 1500 महिलाएं होंगी तो पुरुषों को 2 पत्नियां रखने की इजाजत देनी पड़ सकती है। बुधवार को टेलीकास्ट इस शो में गडकरी ने कहा- लिव इन रिलेशनशिप का कॉन्सेप्ट गलत है और यह समाज के नियमों के खिलाफ है। समलैंगिक विवाह भी सामाजिक ढांचे को ध्वस्त कर देगा। गडकरी ने कहा कि बच्चे पैदा करना और उनका सही तरीके से पालन-पोषण करना माता-पिता का कर्तव्य है। अगर आप कहते हैं कि आपने मजे के लिए बच्चे पैदा किए हैं और जिम्मेदारी नहीं उठाना चाहते तो यह सही नहीं है।

# बेहतर स्वास्थ्य और शुद्ध मानसिकता का आधार है आहार-मुख्यमंत्री

**भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि शरीर के लिए आवश्यक पोषक तत्वों का स्त्रोत आहार ही है। आहार की शुद्धता इसकी महत्ता को कई गुना बढ़ा देती है। आहार की शुद्धता का महत्व बताते हुए भगवान श्रीकृष्ण ने श्रीमद्भगवद् गीता में कहा है कि शुद्ध आहार से ही विचार की शुद्धता संभव है। अक्षय पात्र फाउंडेशन इस दृष्टि से स्कूली बच्चों को मध्यान्ह भोजन के माध्यम से नवजीवन परोस रही है। पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम तथा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भी अक्षय पात्र फाउंडेशन द्वारा शिक्षा के लिए भरपूर भोजन के अंतर्गत संचालित गतिविधियों की प्रशंसा की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत भोपाल नगरीय क्षेत्र में एक करोड़ से अधिक मध्यान्ह भोजन प्रदाय अवसर पर रोहित नगर स्थित परिसर में अक्षय पात्र फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अक्षय पात्र परिसर में आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने झंडी दिखाकर भोजन वितरण वाहनों को रवाना किया तथा 10 स्कूली बच्चों को प्रतीक स्वरूप मध्यान्ह भोजन वितरित भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का अंगवस्त्रम तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिवादन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अक्षय पात्र फाउंडेशन के केंद्रीकृत किचन में पहुंचकर भोजन बनाने की स्वचालित प्रक्रिया का अवलोकन किया। वे



दाल-रोटी बनाने की प्रक्रिया में सहभागी भी हुए। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत भोपाल नगरीय क्षेत्र की शासकीय शालाओं को इस बेस किचन से ही मध्यान्ह मध्यान भोजन सप्लाई होता है। कार्यक्रम में पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद पटेल, परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह, पंचायत और ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्रीमती राधा सिंह उपस्थित थीं। इस अवसर पर अक्षय पात्र फाउंडेशन की गतिविधियों पर लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अक्षय पात्र फाउंडेशन द्वारा 76 कर्मचारियों की टीम और 38 वाहनों के माध्यम से भोपाल के 645 स्कूलों को शुद्ध, पौष्टिक और गुणवत्तायुक्त मिड-डे मील उपलब्ध कराया जा रहा है। एक साथ 40 हजार रोटियां तैयार करना, दाल और सब्जी बनाने में भी मशीनीकृत प्रक्रियाएं अपनाना अभिभूत करने वाला है।

## उप-राष्ट्रपति के खिलाफ विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव खारिज

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** राज्यसभा के सभापति और उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के खिलाफ विपक्ष की तरफ से लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को उप-सभापति हरिवंश ने खारिज कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक, उप-सभापति ने कहा कि यह नोटिस विपक्ष का गलत कदम है, जिसमें बहुत खामियां हैं और जो सिर्फ सभापति की छवि खराब करने के मकसद से लाया गया है। उन्होंने अपने जवाब में कहा कि महाभियोग का नोटिस देश के संवैधानिक संस्थानों को बदनाम करने और वर्तमान उपराष्ट्रपति की छवि धूमिल



करने की साजिश का हिस्सा है। संसद के शीतकालीन सत्र के 10वें दिन (10 दिसंबर) विपक्षी सांसदों ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था। विपक्षी सांसदों ने राज्यसभा के जनरल सेक्रेटरी पीसी मोदी को धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया था। पीसी मोदी ने ही आज उप-सभापति का जवाब सदन में रखा।

राज्य सभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर इंडिया ब्लॉक ने 11 दिसंबर को प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- सभापति राज्यसभा में स्कूल के हेडमास्टर की तरह व्यवहार करते हैं।

## संसद-परिसर में धक्का-मुक्की, राहुल पर हत्या की कोशिश का केस

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** संसद परिसर में गुरुवार सुबह धक्का-मुक्की के दौरान ओडिशा के बालासोर से सांसद प्रताप सारंगी चोटिल हो गए। सारंगी ने आरोप लगाया कि राहुल ने एक सांसद को धक्का दिया, जो उनके ऊपर गिरा। सारंगी जब मीडिया के सामने आए, तब उनके सिर से खून निकल रहा था। सारंगी के अलावा फर्रुखाबाद के भाजपा सांसद मुकेश राजपूत को भी चोट आई है। दोनों को आरएमएल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। हॉस्पिटल के मेडिकल सुपरिटेंडेंट ने बताया कि दोनों नेताओं के सिर में चोट लगी



है। उन्हें आसीयू रखा गया है। प्रताप सारंगी को काफी ब्लीडिंग रही थी। उनका घाव भी गहरा था, इसलिए टांके लगाने पड़े। मुकेश राजपूत बेहोश हो गए थे। अब उन्हें होश तो आ गया है लेकिन चक्कर आ रहे हैं। उनका आईसीयू बढ़ गया था। घटना के बाद भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर और बांसुरी स्वराज ने राहुल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है। दूसरी तरफ कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह, राजीव शुक्ला और प्रमोद तिवारी ने मल्लिकार्जुन खड़गे से धक्का-मुक्की और खराब व्यवहार किए जाने की शिकायत दर्ज कराई है। वहीं, जब राहुल से जब धक्का-मुक्की पर सवाल हुआ तो उन्होंने कहा कि भाजपा सांसदों ने उन्हें धमकाया और धक्का-मुक्की की। संसद के मेन गेट मकर द्वार का घेराव करके उन्हें संसद में एंट्री करने से रोका गया।

## अजित पवार से बोले फडणवीस- एक दिन आप सीएम बनेंगे

**मुंबई ( एजेंसी )।** महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने राज्य से डिप्टी सीएम अजित पवार से कहा कि एक दिन आप सीएम बनेंगे। उन्होंने कहा, आपको स्थायी डिप्टी सीएम कहा जाता है, लेकिन मेरी शुभकामनाएं आपके साथ हैं। आप एक दिन मुख्यमंत्री बनेंगे। देवेंद्र ने कहा- वे और दोनों डिप्टी सीएम 24*7 काम करेंगे। अजित पवार सुबह काम करेंगे, क्योंकि वे जल्दी उठते हैं। मैं दोपहर 12 बजे से आधी रात तक ड्यूटी पर रहता हूं, जबकि रात भर आप सभी जानते हैं कि कौन हैं, शिंदे जी देर तक काम



करने के लिए जाने जाते हैं। गुरुवार को नागपुर में चल रहे विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान ये बात कही। महाराष्ट्र चुनाव रिजल्ट के 13 दिन बाद 5 दिसंबर को राज्य में नई सरकार बनी। देवेंद्र फडणवीस ने 10 साल में तीसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। ऐसा करने वाले वह भाजपा के पहले नेता बने।

## अनशन कर रहे किसान नेता डल्लेवाल बेहोश

**शंभू बॉर्डर( पटियाला/अंबाला ) ( एजेंसी )।** किसानों को फसल पर एमएसपी के गारंटी कानून के लिए 24 दिन से अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की हालत बिगड़ गई है। डल्लेवाल गुरुवार सुबह अचानक बेहोश होकर गिर गए। उन्हें उल्टियां भी हुईं। 10 मिनट बाद वे होश में आए। पुलिस के सीनियर अधिकारी खनौरी



बॉर्डर पहुंचे हुए हैं। डल्लेवाल का ब्लड प्रेशर काफी कम हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को किसान आंदोलन पर सुनवाई की। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार से सवाल किया कि 70 साल का आदमी 24 दिन से भूख हड़ताल पर है। कौन डॉक्टर है, जो बिना किसी टेस्ट के डल्लेवाल को सही बता रहा है? आप कैसे कह सकते हैं डल्लेवाल ठीक हैं? जब उनकी कोई जांच नहीं हुई, ब्लड टेस्ट नहीं हुआ, श्ष्टत्न नहीं हुई, तो कैसे कह सकते हैं कि वह ठीक हैं? सुप्रीम कोर्ट ने एक दिन पहले 18 दिसंबर को भी इस मामले पर सुनवाई की थी। राज्य सरकार को निर्देश दिए थे कि डल्लेवाल पर ढिलाई न बरतें। वह जन नेता हैं। उनसे किसानों की भावनाएं जुड़ी हैं। उनकी सेहत का ध्यान रखना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है।

## ईडी का दावा-मणिपुर में बैन उग्रवादी संगठन फंड जुटा रहा

**इंफाल ( एजेंसी )।** मणिपुर के इंफाल में बैन उग्रवादी संगठन यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट के सदस्य आम लोगों और व्यापारियों से अवैध वसूली कर फंड जुटा रहे हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार को दावा किया कि जांच से बचने के लिए ये रकम कैश में ली जाती है।

ईडी ने बताया- प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत की गई जांच में सामने आया है कि हथियारबंद यूएनएलएफ के सदस्य नेशनल हाइवे पर अवैध टोल नाके बनाकर वसूली कर रहे हैं। इस फंड का इस्तेमाल संगठन के सदस्यों की ट्रेनिंग, हथियार खरीदने, कैम्प लगाने में किया जा रहा है।

ईडी ने सितंबर 2023 में यूएनएलएफ के सचिव एम मुनन का स्क्रीनशॉट शेयर किया था, जिसमें 2 करोड़ रुपए और दूसरा अक्टूबर 2023 में वित्त विभाग के प्रमुख चिंगाचा का



था जिसमें 10 करोड़ रुपए दान मांगा गया था।

30 जुलाई को एफआईआर दर्ज कराई राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने 30 जुलाई को एक एफआईआर दर्ज कराई थी।

जिसमें बताया गया कि म्यांमार स्थित आतंकी संगठन मणिपुर हिंसा का फायदा उठाकर भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने और आतंकी हमले करने की साजिश रच रहे हैं।

## जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में एनकाउंटर, 5 आतंकी ढेर

**श्रीनगर ( एजेंसी )।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले के कद्देर इलाके में सेना और पुलिस ने जॉइंट ऑपरेशन में 5 आतंकियों को ढेर कर दिया। इनमें हिजबुल मुजाहिदीन का कमांडर फारूक अहमद भट्ट भी शामिल है। हालांकि, आतंकियों के शव मिलने बाकी हैं। मुठभेड़ में दो जवान भी घायल हुए हैं।

गुरुवार सुबह सेना और पुलिस को इलाके में आतंकियों के छिपे होने की जानकारी मिली थी। इसके बाद जॉइंट सर्च ऑपरेशन चलाया गया। तलाशी के दौरान आतंकियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। सेना ने भी जवाबी कार्रवाई की।

उधर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिल्ली में मीटिंग कर सकते हैं। सितंबर-अक्टूबर में हुए विधानसभा चुनावों के बाद यह पहली बैठक होगी। इसमें उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, सेना, अर्धसैनिक बलों, जम्मू-कश्मीर



प्रशासन, खुफिया एजेंसियों और गृह मंत्रालय के सीनियर अफसर शामिल होंगे।

इससे पहले 16 जून को भी शाह ने हाई लेवल मीटिंग की थी। इसमें उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया था कि आतंकवाद को कुचलें और आतंकियों की मदद करने वालों पर भी सख्ती बरतें।

## सुप्रीम कोर्ट बोला- दिल्ली में बहुत ही विनाशकारी स्थिति

**नई दिल्ली/ भोपाल/ जयपुर/ श्रीनगर।** दिल्ली एयर पॉल्यूशन मामले पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा, कैपिटल सिटी (दिल्ली) में बहुत ही विनाशकारी स्थिति है। कोर्ट में दोनों पक्षों के नोकझोंक से कुछ नहीं होगा। दिल्ली सरकार इसके सुधार के लिए कदम उठाए। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने मामले की सुनवाई की। इस दौरान सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट का मुद्दा भी उठा, जिस पर बेंच ने चिंता जताई। जस्टिस अभय एस ओका ने कहा- एमसीडी एरिया में 3000 मीट्रिक टन कचरा ट्रीट नहीं किया जा रहा है। 2027 तक ये 6000 मीट्रिक टन हो जाएगा। मिस्टर चीफ सेक्रेटरी कृपया 27 जनवरी तक एक एफिडेविट दायर करें, जिसमें हमें बहुत ईमानदारी से बताया जाए कि 2016 के सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के नियमों में किन समयसीमाओं का पालन किया गया और किनका नहीं। साथ ही बेंच ने कहा है कि एफिडेविट में गाजीपुर-भलस्वा में कचरे की अवैध डंपिंग के चलते लगने वाली आग रोकने के लिए उठाए गए कदमों का डिटेल भी दें। बेंच ने निर्माण कार्य रोकने की बात भी कही, जिससे सॉलिड वेस्ट प्रोडक्शन को कंट्रोल किया जा सके।

## मुंबई नाव हादसा- चश्मदीद बोले- लाइफ जैकेट नहीं थी

**मुंबई ( एजेंसी )।** मुंबई में बुधवार को गेटवे ऑफ इंडिया से एलिफेंटा जा रही नाव के डूबने से 13 लोगों की मौत हुई। मुंबई पुलिस ने गुरुवार को बताया कि रेस्क्यू टीम ने 2 घायलों समेत 98 लोगों को बचा लिया है। 2 लोग अब भी लापता हैं। सभी 13 शवों की पहचान कर ली गई है। इसमें 4 नेवी कर्मी और 9 सिविलियंस थे।

नाव पर सवार दो जर्मन और एक कनाडाई नागरिक को भी बचाया गया है। नाव की क्षमता 90 यात्रियों की थी जिसमें 84 यात्री और 6 क्रू मेंबर हो सकते हैं, जबकि 100 से ज्यादा लोग सवार थे। नेवी की स्पीडबोट और नाव पर कुल 113 लोग सवार थे। नेवी की बोट पर 6 लोग थे, जिनमें



से सिर्फ 2 को बचाया जा सका। नाव में सवार एक चश्मदीद ने कहा- हममें से किसी ने भी लाइफ जैकेट नहीं पहनी थी। अचानक नेवी की स्पीडबोट हमारी बोट से आकर टकराई, जिसके बाद हमारी बोट डूबने लगी। करीब 25 मिनट बाद नेवी ने हमें रेस्क्यू किया। एक अन्य चश्मदीद ने इस घटना का वीडियो भी बनाया। उसने कहा- टक्कर से पहले नेवी की स्पीडबोट स्टंट कर रही थी। इसलिए मैंने रिकॉर्डिंग की। मुंबई पुलिस ने बताया कि कोलाबा पुलिस स्टेशन में नेवी बोट ड्राइवर पर केस दर्ज हुआ है। एफआईआर में लापरवाही से मौत, दूसरों की जिंदगी खतरे में डालने, लापरवाही से नाव चलाने की धाराएं शामिल हैं। अब तक 9 लोगों के बयान भी दर्ज किए जा चुके हैं। घटना का एक और वीडियो गुरुवार को सामने आया। इसमें नेवी समुद्र में डूब रहे लोगों को रेस्क्यू करते दिख रही है। डूब रहे लोगों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। वीडियो में उन्हें चीखते और चिल्लाते हुए सुना जा सकता है।

मरीजों से इलाज के नाम पर की जा रही मनमाना वसूली

# मिनर्वा अस्पताल से रेट सूची नदारद, शासन के नियमों की धज्जियां उड़ा रहे प्राइवेट हॉस्पिटल प्रबंधक

### प्रति घंटा के हिसाब से बनाते हैं एक लाख रुपए का चार्ज

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मध्य प्रदेश सरकार ने हालही में एडवाइजरी जारी की थी कि निजी अस्पतालों को मरीजों से इलाज के नाम पर की जा रही मनमाना वसूली से बचना होगा जिसके लिए वह अपने अस्पताल के इलाज की रेट सूची रिसेप्शन पर चस्पा करवाए मगर रीवा में स्थित मिनर्वा अस्पताल के प्रबंधन के द्वारा जारी की गई सरकारी गाइडलाइन का पालन न करते हुए नियमों को दरकिनार कर लगातार उसकी अवेहलना की जा रही है जिससे आमजन को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। और अस्पताल



प्रबंधन इलाज कराने आए मरीजों को मनमाना बिल थमाकर लुट रहे हैं।

दरअसल शहर के हृदय स्थल में स्थित मिनर्वा अस्पताल में मुख्य रूप से हार्ट और न्यूरो संबंधी इलाज किए जाते हैं जहां सरकारी अस्पताल में तैनात चिकित्सक अपनी सेवाएं देते हुए अस्पताल से मोटी रकम ले कर जाते हैं। वहीं जिले में इन बीमारियों संबंधित कोई भी सरकारी या प्रायवेट अस्पताल नहीं है क्योंकि सरकारी डॉक्टर तो स्वयं यहीं इलाज करते हैं तो सरकारी दवाखाने के मरीजों पर वह दिलचस्पी क्यों दिखाए ऐसे में तमाम मरीजों को इस तरह से रोग के इलाज के लिए मिनर्वा अस्पताल का ही दरवाजा खटखटाना पड़ता है जिससे अपनी अहमियत को समझते हुए अस्पताल प्रबंधन फिर मरीजों को मनमाना राशि बताकर लूटने का काम करता है।

जानकारी के मुताबिक मिनर्वा अस्पताल प्रबंधन के द्वारा अस्पताल में पहुंचने वाले मरीजों को कम से कम कुल इलाज के एवज में 10 से 20 लाख रुपए की भरपाई करनी पड़ती है क्योंकि अस्पताल प्रबंधन द्वारा मरीज को भर्ती करने के साथ पहले एक घंटे में 1 लाख का चार्ज बनना तय है जिससे वह सरकार को सेवाएं देने वाले डॉक्टरों को अपने अस्पताल में बुलाकर उनकी मर्जी के मुताबिक रकम अदा कर सके जिसकी खातिर अस्पताल प्रबंधन को प्रति मरीज एक घंटा के हिसाब से एक लाख रूपये का बिल तैयार करना पड़ता है जिससे अस्पताल के अंदर गरीब इंसान की लाश तक से सौदे हो जाते हैं।

बताया जा रहा है कि मिनर्वा अस्पताल प्रबंधन द्वारा निजी अस्पताल को लेकर जो भी गाइडलाइन बनाई गई उन सभी नियमों की धज्जियां उड़ाकर मनमाना तरीके से अस्पताल का संचालन किया जा रहा है तथा अस्पताल के रिसेप्शन में रेट सूची भी नहीं लगाई गई है जिससे मरीज यह तय कर सके कि वह अपना इलाज इसी अस्पताल में कराए या न कराए। आपको बता दें बीते दिनों प्रदेश के सभी निजी चिकित्सालयों (नर्सिंग होम) को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने अस्पताल में प्रदायित सभी चिकित्सकीय सेवाओं की दर सूची (रेट लिस्ट) प्रमुखता से प्रदर्शित करें तथा निजी चिकित्सालयों में काउंटर पर दर सूची का प्रदर्शन अनिवार्य है। जिससे रोगी या उनके परिवारजन द्वारा मांग करने पर दर सूची दिखाना अस्पताल प्रबंधन का दायित्व भी होगा। इसके अलावा, यदि किसी अस्पताल को दर सूची में संशोधन करना हो, तो इसकी लिखित सूचना मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को देना आवश्यक है। संशोधित दर सूची को भी प्रमुखता से प्रदर्शित करना होगा। इसका उद्देश्य रोगियों के अधिकारों की रक्षा करने और स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता लाना है।

## विलुप्त लोक एवं जनजातीय कला उत्थान महोत्सव का आयोजन आज

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** विलुप्त लोक एवं जनजातीय कला उत्थान महोत्सव का आयोजन 20 दिसम्बर को पेंटियम प्वाइंट के सभागार में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें रीवा के अलावा सागर, कटनी के लोक कलाकार अपनी कला की प्रस्तुति देंगे। यह आयोजन उत्तर-मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र प्रयागराज संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार एवं जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। एक दिवसीय इस महोत्सव का उद्देश्य विलुप्त लोक कला एवं जनजातीय कला का उत्थान करते हुए उन्हें मंच देना है। मिली जानकारी के अनुसार एक दिवसीय उक्त कार्यक्रम पेंटियम प्वाइंट इंस्टीट्यूट के सभाकक्ष में दोपहर 2 बजे से शुरू होगा। इस दौरान सागर, कटनी, रीवा के लोक कलाकार रंगारंग प्रस्तुति देंगे। उत्तर-मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र प्रयागराज के माध्यम से हो रहे इस एक दिवसीय आयोजन में गुरू शिष्य परंपरा के अंतर्गत बघेली लोक गायन की प्रस्तुति संतोष कुमार तिवारी एवं उनकी टीम द्वारा दी जाएगी। इसके अलावा बरेदी लोकनृत्य मनीष यादव एवं उनकी टीम सागर तथा राई एवं अहिर लोकनृत्य एमआरवी नायडू एवं दल कटनी तथा अखाड़ा लोकनृत्य विजय प्रजापति एवं दल सागर द्वारा प्रस्तुत की जाएगी।

## सुशासन सप्ताह में लगेंगे विकासखण्ड और जिला स्तरीय शिविर

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत सुशासन सप्ताह 19 दिसम्बर से 24 दिसम्बर तक मनाया जा रहा है। अभियान के तहत रीवा जिले में 20 से 22 दिसम्बर तक विकासखण्ड एवं ग्राम पंचायत स्तरीय शिविर लगाए जाएंगे। आमजनता के आवेदनों के निराकरण के लिए 23 से 25 दिसम्बर तक जिला स्तरीय शिविर लगाया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने बताया कि इन शिविरों में मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान में प्राप्त आवेदन, सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों, जनसुनवाई, सीपी ग्राम में लंबित प्रकरण तथा शासकीय योजनाओं के संबंध में प्राप्त अन्य आवेदन पत्रों का निराकरण किया जाएगा। इन शिविरों में मुख्यमंत्री कार्यालय, मुख्य सचिव कार्यालय तथा अन्य वरिष्ठ कार्यालयों से आमजनता से संबंधित आवेदनों का भी निराकरण किया जाएगा। सभी जिला स्तरीय विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी इन शिविरों में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर लंबित आवेदनों का निराकरण कराएं। आवेदनों के निराकरण की जानकारी पोर्टल पर दर्ज करें। साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों की वीडियो बाइट एवं सफलता की कहानी तैयार कर उसे भी पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं।

## सुपर स्पेशियलिटी सुविधाओं का विस्तार करने के लिये सरकार प्रतिबद्ध



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल रीवा में सफल दोहरे किडनी प्रत्यारोपण के लिए संपूर्ण चिकित्सा टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सुदूर क्षेत्रों तक सशक्त और सुलभ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह सफलता राज्य के हर हिस्से में सुपर स्पेशियलिटी सुविधाओं को विस्तार देने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। रीवा में यह ऐतिहासिक उपलब्धि प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देने का कार्य करेगी। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि राज्य सरकार अंग प्रत्यारोपण जैसे जटिल चिकित्सा प्रक्रियाओं के लिए आवश्यक संसाधनों और विशेषज्ञता को हर मेडिकल संस्थान में सुलभ बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने इस उपलब्धि को रीवा और पूरे प्रदेश के लिए गर्व का क्षण बताते हुए टीम की मेहनत और समर्पण की सराहना की। उल्लेखनीय है कि सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, रीवा में ट्रांसप्लांट फिजिशियन और नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. रोहन द्विवेदी और ट्रांसप्लांट सर्जन व यूरोलॉजिस्ट डॉ. पुष्पेंद्र शुक्ला के नेतृत्व में एक ही दिन में दो मरीजों का सफलतापूर्वक किडनी प्रत्यारोपण किया गया। इनमें से एक महिला मरीज को उनकी माता द्वारा और एक पुरुष मरीज को उनके बड़े भाई द्वारा किडनी दान की गई। दोनों मरीज स्वस्थ हैं और 17 दिसंबर को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिए गए हैं। यूरोलॉजी विभाग के डॉ. विवेक शर्मा, डॉ. आशीष घनघोरिया, डॉ. बृजेश तिवारी और डॉ. विजय शुक्ला, निश्चेतना विभाग के डॉ. आलोक प्रताप सिंह, डॉ. सुभाष अग्रवाल, डॉ. राजीव द्विवेदी, डॉ. रवि प्रकाश सिंह, और डॉ. एल. पी. सिंह सहित ओटी और केटीयू स्टाफ ने इस प्रक्रिया में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## स्वरोजगार योजनाओं की दिसम्बर में शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति करें - डॉ सोनवड़े



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में जिला स्तरीय बैंकर्स सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े ने कहा कि शासन द्वारा मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान तथा प्रशासन गांव की ओर अभियान में योजनाओं की शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति के निर्देश दिए गए हैं। सभी बैंकर्स बैंकों में रोजगारमूलक योजनाओं के लंबित आवेदन पत्रों में निराकरण करके स्वीकृत ऋण का वितरण कराएं। सभी रोजगारमूलक योजनाओं की लक्ष्य पूर्ति 31 दिसम्बर तक शत-प्रतिशत करें। आवेदन पत्रों की स्वीकृति में देरी और अनावश्यक आपत्ति सहन नहीं की जाएगी। हम सबको मिलकर जनकल्याण की योजनाओं के लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करना है। विकास विभाग के सभी अधिकारी विभागीय योजनाओं के लक्ष्य से 25 प्रतिशत अधिक प्रकरण बैंकों में तत्काल दर्ज करा दें। प्रकरणों में सभी आवश्यक दस्तावेज संलग्न करें। बैंक शाखा प्रबंधक तथा अधिकारी हर सप्ताह बैंकों में शिविर लगाकर इन प्रकरणों का निराकरण कराएं। बैठक में अग्रणी बैंक प्रबंधक जगमोहन ने जिले के ऋण-जमा अनुपात, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, कालातीत बैंक खातों की जानकारी तथा आरसेटी की गतिविधियों की जानकारी दी। बैठक में सहायक संचालक उद्यान योगेश पाठक ने बताया कि एक जिला एक उत्पाद योजना के लिए हल्दी का चयन किया गया है। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना के तहत 422 उद्यमों के प्रकरण बैंकों को भेजे गए हैं। इनमें से 117 प्रकरण स्वीकृत करके 12 करोड़ 30 लाख 95 हजार रुपए की राशि वितरित की गई है। बैंकर्स शेष प्रकरणों का भी निराकरण शीघ्र कर दें। स्वीकृत ऋण प्रकरणों में से 55 उद्यमियों द्वारा सफलतापूर्वक अपने उद्यमों का संचालन किया जा रहा है। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम से 148 प्रकरण बैंकों को भेजे गए हैं। इनमें से 39 प्रकरण स्वीकृत किए गए हैं। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना से 330 प्रकरण बैंकों को भेजे गए हैं। इनमें से 164 प्रकरण स्वीकृत किए गए हैं। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से कुल 23602 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है। मछली पालन विभाग के मछुआ पालक किसानों को 3499 केसीसी के आवेदन बैंकों में दर्ज किए गए हैं।

सामने आयो पत्रकारिता का रौबदार रूप

## कथित पत्रकार ने अस्पताल की पार्किंग में मचाया भूचाल

### 10 रुपए की पार्किंग पर्ची के लिए बना सिंघम, वीडियो वायरल

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** एक तरफ बॉलीवुड ने सिंघम, दबंग, टाइगर और वांटेड जैसी फिल्मों को ब्लॉकबस्टर बनाकर पुलिस की वर्दी को नया नाम दिया तो वहीं दूसरी तरफ इन्हीं नामों का उपयोग कुछ यूट्यूबर अपना ब्लॉग बनाने में कर रहे हैं जिसके चलते अब बुलेट, स्प्लेंडर, तेज और धीम के नाम से मशहूर यूट्यूब चैनल जिले की पत्रकारिता में अपना रौब झाड़ रहे हैं। ऊपर से रौब दार पत्रकारिता में चार चांद लगाने के लिए एमपी गवर्नमेंट ने यहां पर माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय की नींव भी रख दी है जहां से भीड़ के भाव में निकले स्टूडेंट रौबदार पत्रकारिता को और मशहूर बनाते जा रहे हैं। जिससे हर रोज पत्रकारिता को कलंकित करने का नया कारण भी मिल जाता है।

रौबदार पत्रकारिता का ताजा मामला सामने आया है शहर में स्थित सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल से जहां वाहन पार्किंग का पैसा नहीं देने के लिए एक महाशय ने किसी अनजाने से यूट्यूब का आईडी कार्ड दिखाकर अपना रौब झाड़ने का प्रयास किया और महाशय चैनल तक में नहीं सिमटे उन्होंने अनजाने चैनल का नाम लेते हुए माखनलाल चतुर्वेद राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय का भी उल्लेख कर दिया और कहा कि मैं वहां का छात्र हूं जहां हमे सिखाया जाता है रौब की पत्रकारिता जिसके बाद स्थानीय लोगों ने युवक का वीडियो अपने कैमरों में कैद कर लिया और अब युवक की रौबदार पत्रकारिता का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

बताया जा रहा है कि उक्त युवक सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में किसी मरीज के उपचार के लिए आया था तभी वाहन पार्किंग की वसूली के लिए आए पार्किंग स्टाफ से युवक ने रौब झाड़ते हुए अपनी पत्रकारिता दिखाई जिसके बाद तो वह वायरल ही हो गई तथा अब पत्रकार महाशय सोशल मीडिया की सुर्खियां बने हुए हैं।

## शिविरों का लाभ लेकर योजनाओं से हों लाभान्वित

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत सुशासन सप्ताह एवं मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान में जिले भर में शिविर लगाए जा रहे हैं। रीवा विकासखण्ड के ग्राम बिहरा में आयोजित जनकल्याण शिविर में कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ देने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में शिविर लगाए जा रहे हैं। आमजनता आवश्यक दस्तावेज के साथ शिविर में शामिल होकर विभिन्न योजनाओं से लाभ उठाए। हर पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। शिविर में जिला और विकासखण्ड स्तर के अधिकारी आमजनता के आवेदनों का निराकरण कर रहे हैं।





कमिश्नर ने आमजनता से संवाद करते हुए खाद्यान्न वितरण, पेयजल व्यवस्था, राजस्व महाभियान के तहत नामांतरण, बंटवारा तथा सीमांकन के प्रकरणों के निराकरण एवं आयुष्मान कार्ड बनाने के संबंध में जानकारी ली। कमिश्नर ने नारेन्द्र सिंह के नामांतरण का प्रकरण शिविर में ही दर्ज कराया। कमिश्नर ने दिव्यांग अरूणेन्द्र सिंह को खाद्यान्न पर्ची जारी करने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने कहा कि सर्वे सूची में शामिल व्यक्ति तथा 70 साल से अधिक आयु के सभी व्यक्ति अपना आयुष्मान कार्ड बनाएं। कार्ड बन जाने पर हर साल पाँच लाख रुपए तक की स्वास्थ्य जाँच और उपचार की निःशुल्क सहायता मिलती है। आशा कार्यकर्ता और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर आयुष्मान कार्ड बनवाएं।

कमिश्नर ने कहा कि मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। 18 साल से अधिक आयु के सभी व्यक्ति सूची में अपना नाम शामिल कराएं। अभियान में यदि नाम जोड़ने से छूट गया है तो बीएलओ के पास आवेदन जमा करा दें। कमिश्नर ने मौके पर उपस्थित नायब तहसीलदार विन्ध्या मिश्रा को संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य की गहन निगरानी के निर्देश दिए। कमिश्नर ने कहा कि बीपीएल सूची में यदि कोई व्यक्ति अपात्र है अथवा खाद्यान्न पर्ची में शामिल है तो वह स्वेच्छा से अपना नाम पृथक करा ले जिससे पात्र गरीब को खाद्यान्न योजना का लाभ मिल सके। शिविर में प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी सपना त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर श्रेयस गोखले, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## गंभीर बीमारी से पीड़ित मनीष को मिली मोटराइज्ड तिपाहिया साइकिल

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिले भर में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान तथा प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत शिविर लगाये जा रहे हैं। इन शिविरों में पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभांवित किया जा रहा है। त्योंथर तहसील के निवासी मनीष यादव तथा उनके दो भाई गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं। कलेक्टर प्रतिभा पाल के विशेष प्रयासों से इनका उपचार संजय गांधी हास्पिटल तथा दिल्ली के एम्स हास्पिटल में कराया गया। हड्डियों की बीमारी से पीड़ित होने के कारण चलने फिरने में तकलीफ होती है इस तकलीफ को दूर करने में मनीष को मोटराइज्ड तिपाहिया मोटरा साइकिल प्रदान की गयी है। एसडीएम त्योंथर संजय जैन तथा भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के सदस्यों ने दिव्यांग मनीष यादव को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल प्रदान की साथ ही उसके दिव्यांग भाई को निःशक्तजन शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत लैपटॉप दिया गया।


## संभागीय अधिकारी जिलों का भ्रमण करके प्रतिवेदन प्रस्तुत करें - कमिश्नर

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** शासन के निर्देशों के अनुसार प्रशासन गांव की ओर अभियान तथा मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत शासन की कल्याणकारी योजनाओं और हितग्राहीमूलक योजनाओं का प्रत्येक पात्र हितग्राही को लाभ देने का प्रयास किया जा रहा है। इस संबंध में कमिश्नर बीएस जामोद ने बताया कि रीवा संभाग के सभी 6 जिलों में अभियान शुरू हो गया है। अभियान की मॉनीटरिंग और मैदानी स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी देने के लिए पाँच-पाँच अधिकारियों के पाँच दल बनाए गए हैं। सभी दल निर्धारित रोस्टर के अनुसार चक्रीय क्रम में अभियान के दौरान जिलों का भ्रमण करेंगे। भ्रमण करने के बाद दल अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। कमिश्नर ने बताया कि प्रथम दल में संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास, संयुक्त संचालक लोक शिक्षण, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं, मुख्य अभियंता पीआईयू तथा संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन को शामिल किया गया है। दूसरे दल में संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं, संयुक्त संचालक कृषि, संयुक्त संचालक उद्यानिकी, उप संचालक मछली पालन तथा अधीक्षण यंत्री जल संसाधन को शामिल किया गया है। तीसरे दल में उपायुक्त राजस्व, खाद्य नियंत्रक, संयुक्त आयुक्त सहकारिता, क्षेत्रीय प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम, संयुक्त संचालक मण्डी बोर्ड तथा प्रबंधक सड़क विकास निगम को शामिल किया गया है। चौथे दल में अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा, उपायुक्त जनजातीय कार्य, अधीक्षण यंत्री लोक निर्माण विभाग, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय तथा संयुक्त संचालक उद्योग को शामिल किया गया है। पाँचवे दल में तकनीकी अधिकारी शामिल किए गए हैं। इसमें मुख्य अभियंता विद्युत मण्डल, अधीक्षण यंत्री पीएचई, अधीक्षण यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा तथा मुख्य महाप्रबंधक ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण को शामिल किया गया है।

## बघेली लोकगायिका शीला त्रिपाठी के गीतों का प्रसारण होगा दूरदर्शन पर

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मध्य प्रदेश की बोली जाने बाली अत्यंत लोकप्रिय बघेली बोली के लोकगीतों का प्रसारण दिल्ली दूरदर्शन के राष्ट्रीय चैनल पर होगा, जो बघेली लोक संगीत के क्षेत्र में एक अभिनव पहल होगी। 16 दिसंबर को बघेली लोकगीतों की सुप्रसिद्ध लोक गायिका शीला त्रिपाठी द्वारा गाए गए बघेली लोकगीतों की रिकॉर्डिंग दूरदर्शन केंद्र नई दिल्ली में की गई। इन लोकगीतों में "हम बेर बेर बगिया ना जावे राजा" और "सावन केर बदरिया कारी" जैसे सुमधुर और लोकप्रिय गीत शामिल हैं। यह प्रसारण जल्द ही दिल्ली दूरदर्शन के राष्ट्रीय चैनल और डीडी भारती पर किया जाएगा।

यह विशेष अवसर इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह विशेष अवसर है जब किसी बघेली लोक गायिका के लोकगीतों की रिकॉर्डिंग दिल्ली दूरदर्शन के राष्ट्रीय चैनल पर किया गया है। बघेली बोली के गीतों का राष्ट्रीय स्तर पर प्रसारण बघेली लोक कला को और भी व्यापक राष्ट्रीय स्तर पर मंच प्रदान करते हुए पहचान दिलाएगा ।



शीला त्रिपाठी मध्य प्रदेश की प्रसिद्ध बघेली लोक गायिका हैं जो की आकाशवाणी भोपाल की एकमात्र पहली महिला ए-ग्रेड बघेली लोक गायिका हैं। उन्होंने न केवल मध्य प्रदेश संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित सभी प्रमुख आयोजनों में प्रस्तुति दी है, बल्की आकाशवाणी भोपाल और दूरदर्शन केंद्र मध्य प्रदेश की नियमित कलाकार भी हैं। अभी हाल ही में शीला त्रिपाठी के लोकगीतों का प्रसारण डीडी भारती पर भी किया गया है

त्रिपाठी ने अपनी क्षेत्रीय लोकप्रिय बघेली लोकगीतों की सांस्कृतिक परंपरा को न केवल स्थानीय स्तर पर बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर एक अलग पहचान दिलाते हुए अपने गीतों के माध्यमी बघेलखंड की सांस्कृतिक धरोहर का खूबसूरती से वर्णन किया है।

इसके अलावा, शीला त्रिपाठी ने एक हिंदी न्यूज़ चैनल पर देवी गीतों की एक श्रृंखला भी प्रस्तुत की गई थी, जो दर्शकों के बीच बहुत लोकप्रिय रही । जिससे ये प्रतीत होता है कि वे न केवल पारंपरिक लोक गीतों को पेश करती हैं, बल्कि नवाचार करके आधुनिक संगीत को भी अपने लोकगीतों में समाहित कर उसे प्रभावी तरीके से प्रस्तुत करती हैं।

दिल्ली दूरदर्शन पर बघेली लोकगीतों का यह राष्ट्रीय स्तर का प्रसारण मध्य प्रदेश की बघेली सांस्कृतिक विरासत की खूबसूरती को देश-विदेश में परिचित कराते हुए बघेली लोक संगीत की कला को एक अलग मंच और पहचान दिलाते हुए अन्य नए लोक गायकों के लिए प्रेरणा स्रोत बनेगा। यह गौरतलब है कि शीला त्रिपाठी रीवा के ग्राम कपसा के सुप्रसिद्ध शिक्षाविद स्वर्गीय श्री राम निरंजन सौहगौरा की पुत्रवधू हैं , उनके पति श्री अनुराग त्रिपाठी वर्तमान में भोपाल में पुलिस विभाग मे कार्यरत है

## आईटीआई मऊगंज में रोजगार मेला आज

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मऊगंज में 20 दिसंबर को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया गया है। रोजगार मेला मध्यप्रदेश युवा संगम योजना के तहत आयोजित किया जा रहा है, जिसमें जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 8 कंपनियों एवं नियोजकों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों हेतु युवक एवं युवतियों की आयु सीमा 18 से 48 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है। आयु सीमा विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग होगी। वेतन एवं भत्ते 8000 रुपए से 25 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, समग्र आईडी की छायाप्रति, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा।

## युवा उत्सव में ग्रामीण अंचल की प्रतिभाओं को पूरे अवसर दें



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग, नेहरू युवा केन्द्र तथा राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा जिला और संभाग स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिला स्तरीय युवा उत्सव 28 दिसम्बर तथा संभागीय युवा उत्सव 29 दिसम्बर को स्पोर्ट्स काम्पलेक्स रीवा में आयोजित किया जा रहा है। इसकी तैयारी बैठक में अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी ने कहा कि युवा उत्सव में विज्ञान, कला और साहित्य में युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है। युवा उत्सव में आकर्षक पुरस्कार भी दिए जा रहे हैं। इसमें ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को पूरा अवसर दें। प्रतिभागियों के आने-जाने, ठहरने, भोजन, सुरक्षा आदि की समुचित व्यवस्था करें। इसके लिए प्रशासन पूरा सहयोग करेगा। इन प्रतियोगिताओं में निष्पक्ष निर्णायक नियुक्त करें। जिला शिक्षा अधिकारी एवं अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा स्कूल तथा कालेज के विद्यार्थियों की युवा उत्सव में भागीदारी सुनिश्चित करें। बैठक में युवा उत्सव की जानकारी देते हुए संभागीय खेल अधिकारी एमके धौलपुरी ने बताया कि जिला स्तरीय युवा महोत्सव में तात्कालिक भाषण, एकल तथा समूह नृत्य, चित्रकला, गायन, कहानी लेखन, कविता लेखन, फोटोग्राफी एवं विज्ञान मेले की प्रतियोगिताएं होंगी। समूह नृत्य में अधिकतम 10 तथा समूह विज्ञान मेले में अधिकतम 5 युवा शामिल हो सकते हैं।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक/प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया ऑडीटर पब्लिकेशन प्रा.लिमि. राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से प्रकाशित, **संपादक संदीप द्विवेदी**, आर.एन.आई नं. 69082/97, डाक पंजीयन क्र.- म. प्र./ रीवा संभाग/ 46/2023-2025, प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9589645803, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।